रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/2000 REGISTERED No. DL—33001/2000

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 15] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 8 2000 (चैत्र 19, 1922)
No. 15] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 8, 2000 (CHAITRA 19, 1922)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

मुंबई–400021, दिनांक, 30 मार्च 2000

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक का शेयरधारक रजिस्टर वर्ष 1999–2000 के अंतरिम लाभांश का भुगतान करने के लिए बुधवार, दिनांक 3 मई 2000 से मंगलवार, दिनांक 9 मई 2000 तक की अवधि के लिए शेयरों के अंतरण हेतु बन्द रहेगा।

जी० जी० वैद्य,
अध्यक्ष

इलाहाबाद बैंक

प्रधान कार्यालय

कलकत्ता–700001, दिनांक 23 फरवरी 2000

इलाहाबाद बैंक सामान्य विनियम, 1999

सं० प्र० का/सा० ले०/1626:—बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अन्तरण) अधिनियम, 1970 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए इलाहाबाद बैंक का निदेशक बोर्ड भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श के उपरान्त तथा केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुमति सहित, एतद्द्वारा निम्नांकित विनियम बनाता है अर्थात् :—

अध्याय–1

परिचायिका

1. संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ

(i) इन विनियमों को इलाहाबाद बैंक सामान्य विनियम 1999 कहा जा सकेगा।

(ii) ये विनियम राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होंगे।

2. परिभाषाएं—इन विनियमों के अन्तर्गत जब तक कि कुछ विषय या सन्दर्भ अथवा उसके तात्पर्य के विरुद्ध न हो—

(क) "अधिनियम" से तात्पर्य है बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5),

(ख) "बैंक" से तात्पर्य है अधिनियम की धारा 3 के तहत गठित इलाहाबाद बैंक,

(ग) "बोर्ड" से तात्पर्य है अधिनियम की धारा 9 के तहत गठित निदेशक, बोर्ड,

(घ) "अध्यक्ष" से तात्पर्य है बोर्ड का अध्यक्ष,

(ङ) "समिति" से तात्पर्य है बोर्ड द्वारा गठित समिति,

(च) "कार्यपालक निदेशक" से तात्पर्य है पूर्णकालिक निदेशक, प्रबन्ध निदेशक नहीं,

(छ) "महाप्रबन्धक" से तात्पर्य है बैंक का महाप्रबन्धक

(ज) "प्रबन्धन समिति" से तात्पर्य है योजना के खण्ड 13 के तहत गठित समिति,

(झ) "प्रबन्ध निदेशक" से तात्पर्य है बैंक का प्रबन्ध निदेशक,

(ञ) "रजिस्टर" से तात्पर्य है अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2जी) के तहत शेयरधारकों का रजिस्टर जो बैंक की एक या अधिक बहियों में रखा गया हो तथा जिसमें कम्प्यूटर फ्लापों या डिस्क भी शामिल है।

(ट) "रजिस्ट्रार" से तात्पर्य है बैंक द्वारा निम्नांकित लिए नियुक्त व्यक्ति—

(i) निर्गम के सम्बन्ध में निवेशकों से आवेदनों का संग्रह,

(ii) निवेशकों से प्राप्त हुए आवेदनों एवं धन या प्रतिभूतियों के विक्रेता को अदा किए गए धन का समुचित रिकार्ड रखना,

(iii) बैंक को सहायता देना

(क) स्टाक एक्सचेंज से परामर्श करते हुए प्रतिभूतियों के आवंटन का आधार निश्चित करना,

(ख) प्रतिभूतियों के आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियों की सूची को अन्तिम रूप देना,

(ग) निर्गम से सम्बन्धित आवंटन पत्रों, प्रतिदाय आदेशों अथवा प्रमाण पत्रों एवं अन्य सम्बन्ध कागजात का प्रसंस्करण एवं प्रेषण, और

(iv) बैंक द्वारा समय समय पर सौंपा गया कोई अन्य दायित्व .

(ठ) "स्कीम" से तात्पर्य है राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्धन एवं प्रकीर्ण उपबन्ध), स्कीम, 1970,

(ड) "शेयर" से तात्पर्य है बैंक की शेयर पूंजी में अंश

(ढ) "शेयर अन्तरण एजेंट" में निम्नलिखित शामिल हैं:—

(i) कोई व्यक्ति जो बैंक की ओर से उन प्रतिभूतियों के धारकों का रिकार्ड रखता है जो बैंक द्वारा जारी की गई है तथा बैंक की प्रतिभूतियों के अन्तरण एवं से मोचन से संबंधित सभी मामलों को देखता है, या

(ii) बैंक का एक विभाग या प्रभाग (जिस किसी भी नाम से जाना जाये) जो उप खण्ड (i) में सन्दर्भित क्रियाकलाप निष्पादित करता हो,

(ण) अध्याय में प्रयुक्त तथा इन विनियमों में परिभाषित न किये गये परन्तु जमाकर्त्ता, अधिनियम, 1996 (1996 का अधिनियम 22) में प्रयुक्त शब्दों एवं पदों का अर्थ कथित अधिनियम में उन्हें दिये गये सम्बन्ध अर्थों के अनुरूप ही होगा।

अध्याय–II

शेयर एवं शेयर रजिस्टर

3. शेयरों का स्वरूप—इलाहाबाद बैंक के शेयर चल सम्पत्ति होंगे जिन्हें इन विनियमों के तहत उपबन्धित तरीके से अन्तरित किया जा सकेगा।

4. शेयर पूंजी के प्रकार :

(i) अधिमान शेयर पूंजी से इलाहाबाद बैंक की शेयर पूंजी का वह भाग अभिप्रेत है, जो निम्नलिखित दोनों शर्तों को पूरा करता है—

(क) जहां तक लाभांशों का सम्बन्ध है, इसमें एक निर्धारित राशि या एक निर्धारित दर पर आकलित राशि की भुगतान प्राप्ति जो आयकर से मुक्त अथवा उसके

अध्यधीन हो सकती है, का अधिमानी अधिकार निहित है, एवं

(ख) जहां तक पूंजी का सम्बन्ध है इसमें परिसमापन पर पूंजी की पुनदाअयगी का अधिमानी अधिकार निहित है या होगा कि इसे अदाकृत पूंजी का पुनर्भुगतान किया जाए या किया गया माना जाये भले ही निम्नांकित दोनों राशियों के भुगतान का अधिमानी अधिकार हो अथवा नहीं, अर्थात्

(क) खण्ड 4 (क) में विनिर्दिष्ट परिसमापन या पूंजी के पुनर्भुगतान को तिथि तक बकाया रहा कोई धन

(ख) बोर्ड द्वारा केन्द्रीय सरकार की पूर्व सहमति से विनिर्धारित किया गया कोई नियत प्रीमियम या नियत मान पर विनिर्धारित प्रीमियम,

(ii) "साधारण शेयर पूंजी" से वह समस्त शेयर पूंजी अभिप्रेत है तो अधिमान शेयर पूंजी नही है।

(iii) "अधिमान शेयर" तथा "साधारण शेयर" पदों मे तदनुसार अर्थ ग्रहण किया जायेगा।

5. रजिस्टर में दर्ज किया जाने वाला विवरण :

(i) अधिनियम की धारा 3 की उप धारा 2(छ) के अनुसार एक शेयर रजिस्टर रखा जायेगा, उसका रख-रखाव किया जायेगा तथा उसे अद्यतन किया जायेगा।

(ii) अधिनियम की धारा 3 की उप धारा 2(छ) में विनिर्धारित विवरण के साथ-साथ वह विवरण भी रजिस्टर में दर्ज किया जायेगा जो बोर्ड विनिर्धारित करेगा।

(iii) किसी शेयर के संयुक्त धारकों के मामले में उप विनियम (i) के अनुसार अपेक्षित उनके नाम तथा अन्य विवरण उन संयुक्तधारकों के पहले नाम के तहत समूहबद्ध किए जाएंगे ।

(iv) अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा 2(घ) के परन्तुक के अध्यधीन भारतवर्ष से बाहर निवास करने वाला कोई शेयरधारक बैंक को अपना भारतवर्ष का कोई पता प्रस्तुत कर सकता है तथा यही पता रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और अधिनियम एवं इन विनियमों के उद्देश्यार्थ इसे उसका पंजीकृत पता समझा जाएगा ।

(v) किसी न्यास का कोई भी अभिव्यक्त या विवक्षित अथवा आन्वयिक नोटिस रजिस्टर में दर्ज नहीं किया जाएगा तथा न ही बैंक द्वारा प्राप्त किया जा सकेगा।

6. शेयरों तथा रजिस्टरों पर नियंत्रण :

अधिनियम एवं इन विनियमों और बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी तद्विषयक निर्देशों के अध्यधीन इलाहाबाद बैंक के प्रधान कार्यालय में रजिस्टर रखा जाएगा और उसका रखरखाव किया जाएगा तथा यह बोर्ड के नियंत्रणाधीन होगा एवं इस मामले में बोर्ड का निर्णय ही अंतिम होगा कि किसी शेयर की बाबत कोई व्यक्ति और बतौर शेयरधारक पंजीकृत किए जाने का पात्र है या नहीं ।

7. वे पार्टियां जिन्हें शेयरधारक पंजीकृत नही किया जा सकता—

(i) इन विनियमों द्वारा जैसा उपबन्धित है उसके सिवाय ऐसे सभी व्यक्ति जो संविदा करने हेतु सक्षम नहीं है, शेयरधारक के रूप में पंजीकृत होने के पात्र नहीं होंगे तथा इस मामले में बोर्ड का निर्णय निश्चयाक एवं अंतिम होगा ।

(ii) फर्मों के मामले में शेयर धारकों को व्यष्टिक भागीदारों के नाम से पंजीकृत किया जा सकेगा तथा, इस प्रकार कोई फार्म शेयरधारक के रुप में पंजीकृत होने की पात्र नहीं होगी ।

8. कम्प्यूटर प्रणाली के अन्तर्गत शेयर रजिस्टर का रखरखाव :

(i) विनियम 5 के साथ पठित अधिनियम की धारा 3 की उपधारा 2(च) के अन्तर्गत शेयर रजिस्टर में दर्ज किए जाने के लिए अपेक्षित विवरण का रखरखाव अधिनियम की धारा 3 की उपधारा 2(छ) के तहत मैगनेटिक/आप्टिकल/मेग्नेटोआप्टिकल स्वरूप में डिस्क, फ्लापी, कार्टरिज या अन्यथा (एतद्पश्चात् "मीडिया" के रूप में उल्लिखित) तौर पर प्रधान कार्यालय में रखे गए कम्प्यूटरों तथा सुरक्षा दृष्टि से अन्यत्र ऐसे स्थान पर जाएगा जो समय-समय पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा अथवा किसी अन्य अधिकारी जो कि महाप्रबन्धक से कम के स्तर का न हो तथा अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक द्वारा उक्त कार्य हेतु प्रतिनियुक्त किया गया हो, द्वारा निर्धारित किया गया हो ।

(ii) जमाकर्ता अधिनियम, 1996 की धारा 11 के साथ पठित अधिनियम की धारा 3(ख) के तहत शेयर रजिस्टर में दर्ज किए जाने के लिए अपेक्षित विवरण का रखरखाव इलेक्ट्रानिक स्वरूप में तथा वहां उल्लिखित तरीके से किया जाएगा ।

9. कम्प्यूटर प्रणाली के बचाव के लिए सुरक्षा उपाय :—

(i) विनियम 8 (1) के तहत निर्धारित पद्धति जिसके अन्र्गतत डाटा रखा गया है तक पहुंच निर्गम के रजिस्ट्रार सहित ऐसे व्यक्तियों और/या शेयर अतरण एजेंटों तक निबंधित होगी जो कि इस बाबत अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

द्वारा या पदाभिहित अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किए गए हों और यदि कोई पास वर्ड है तो वह तथा इलेक्ट्रानिक सुरक्षा प्रणाली उक्त व्यक्तियों की अभिरक्षा में गुप्त रखी जाएगी ।

(ii) प्राधिकृत व्यक्तियों की पहुंच को कम्प्यूटर प्रणाली द्वारा लॉग मे रिकार्डबद्ध किया जाएगा तथा ये लॉग उन अधिकारियों/व्यक्तियों के पास सुरक्षित रहेंगें जिन्हें इस बात अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक अथवा पदाभिहित अधिकारी द्वारा दायित्व दिया गया हो ।

(iii) बैक अप की प्रतियां अपनेय (रिमेवेबिल) मीडिया पर आवधिक तौर से जैसा कि अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या पदाभिहित अधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया हो शेयर धारकों के रजिस्टर में किए गए परिवर्तनों को सम्मिलित करते हुए रखी जाएगी । इन प्रतियों में कम से कम एक को उस परिसर से अलग स्थान पर रखा जाएगा जहां प्रक्रमण (प्रोसेसिंग) किया जा रहा है । इस प्रति को एक अपेक्षित तापमान पर तथा अग्निरोधक एवं तालाबद स्थिति में रखा जाएगा । दोनों स्थानों पर रखे गए बैकअप तक की पहुंच अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा पदाभिहित अधिकारी द्वारा इस बाबत प्राधिकृत किए गए व्यक्तियों तक सीमित होगी । उक्त प्राधिकृत व्यक्ति पहुंच को सम्बद्ध स्थान पर रखे गए हस्तचालित रजिस्टर मे दर्ज करेंगे ।

(ev) प्राधिकृत व्यक्तियों का कर्तव्य होगा कि वे समुचित साफ्टवेयर का उपयोग करते हुए बैक-अप के डाटा का कम्प्यूटर प्रणाली में रखे गए डाटा से मिलान कर लें । इस आशय का रिकार्ड भी तत्संबंधित रजिस्टर मे दर्ज किया जाएगा ।

(v) तकनीकी उन्नति और/या परिस्थितिजन्य अत्यावश्यकता अथवा किसी अन्य सम्बद्ध विचार को देखते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कम्प्यूटर प्रणाली के तहत शेयरधारकों के रजिस्टर के रखरखाव विषयक सुरक्षा से संबंधित अनुदेशों, अनुबंधों मेंसंशोधन करने या उनमे कुछ जोड़ने के लिए सक्षम होगा ।

10. संयुक्तधारकों के अधिकारों का प्रयोग

यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम तो रजिस्टर में प्रथम स्थान पर उल्लिखित व्यक्ति को वोटिंग लाभांश प्राप्ति नोटिस की तामील तथा शेयरों के अन्तरण को छोड़कर इलाहाबाद बैक से सम्बद्ध समस्त या किसी भी मामले में उसका एकमात्र धारक समझा जाएगा ।

11. रजिस्टर का निरीक्षण :

(i) विनियम-12 के तहत बन्द होने की व्यवस्था को छोड़कर रजिस्टर किसी भी शेयरधारक हेतु निःशुल्क लेकिन ऐसे तर्कसंगत नियंत्रण के अध्यधीन जो कि बोर्ड द्वारा विहित किया जाये एवं ऐसे स्थान पर जहां वह कार्य व्यवसाय के समय रखा जाता है, निरीक्षण के लिए खुला रहेगा परन्तु किसी भी कार्य दिवस में यह अवधि दो घंटे से कम नहीं होगी ।

(ii) कोई भी शेयरधारक रजिस्टर की किसी भी प्रविष्टि से सम्बन्धित अंश को नि:शुल्क उतार सकता है । या फिर यदि उसे इसकी प्रतिलिपि या रजिस्टर अथवा उसके किसी भाग का कम्प्यूटर प्रिंट अपेक्षित हो तो उसे यह 5 रुपया प्रति 100 शब्द या तद्विषयक अंश के पूर्व भुगतान पर उपलब्ध कराया जायेगा ।

(iii) उपविनियम (ii) में किसी बात के होते हुए भी सरकार के किसी भी यथा प्राधिकृत अधिकारी को रजिस्टर की किसी भी प्रविष्टि को नकल करने अथवा रजिस्टर या उसके किसी भी भाग की प्रतिलिपि उपलब्ध कराये जाने का अधिकार प्राप्त होगा ।

12. रजिस्टर का बंद किया जाना :

बैक भारतवर्ष में परिचालित होने वाले कम से कम दो समाचार-पत्रों में विज्ञापन के द्वारा पूर्व सूचना देकर जो कि सात दिन से कम की नही होगी, शेयरधारकों के रजिस्टर को किसी अवधि या अन्तरालों हेतु जो कि कुल मिलाकर एक वर्ष में पैंतालीस दिन तथा एक बार में तीस दिन से अधिक नही होंगे, अपने विवेक से आयकत्तानसार बंद कर सकेगा ।

13. शेयर प्रमाण-पत्र (सर्टीफिकेट) :

(i) प्रत्येक शेयर सर्टीफिकेट पर शेयर सर्टीफिकेट संख्या, एक विशिष्ट संख्या, उन शेयरों की संख्या जिनकी बाबत यह जारी किया गया है तथा उस शेयरधारक का नाम जिसे यह जारी किया गया है, अंकित रहेगा तथा उसे उपो रूप में होगा जैसा कि बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया हो ।

(ii) प्रत्येक सर्टीफिकेट बोर्ड के संकल्प के अनुसरण में बैक की सामान्य मुद्रा (कामन सील) के तहत जारी किया जायेगा तथा दो निदेशकों एवं किसी अन्य अधिकारी जो इस उद्देश्यार्थ बैक द्वारा नियुक्त किया गया हो, द्वारा हस्ताक्षरित होगा ।

परन्तु, यह भी कि निदेशकों के हस्ताक्षर मुद्रित, उत्कीर्ण, अश्म मुद्रित (लिथोग्राफ) या किसी अन्य मशीनी प्रक्रिया मे जैसा कि बोर्ड निदेशित करे, छुपाये जा सकेंगे ।

(iii) इस प्रकार मुद्रित, उत्कीर्ण, अश्म मुद्रित या अन्यथा छुपाये गये हस्ताक्षर उसी प्रकार वैध होंगे जैसे कि समुचित तौर पर हस्ताक्षरकर्ता द्वारा स्वयं अपने हाथ मे किये गये हों ।

(iv) इस प्रकार मे हस्ताक्षरित न किया गया कोई भी शेयर सर्टीफिकेट वैध नहीं होगा और उक्त तरीके से हस्ताक्षरित शेयर सर्टीफिकेट इस बात के होते हुए भी कि

उस पर जिस व्यक्ति के हस्ताक्षर हैं वह बैंक की ओर से शेयर सर्टिफिकेट हस्ताक्षरित करने के लिए प्राधिकृत न रह गया हो, वैध एवं बाध्यकारी होगा ।

14. शेयर सर्टीफिकेटों का जारी किया जाना :

(i) किसी शेयरधारक को सर्टीफिकेट जारी करते समय बोर्ड उसके नाम से प्रति अवसर पंजीकृत प्रत्येक एक सौ या उसके गुणकों में शेयरों के लिए एक सर्टीफिकेट तथा एक अतिरिक्त सर्टीफिकेट उन शेयरों के लिए जो संख्या में एक सौ से कम हों, जारी करने के लिए सक्षम होगा ।

(ii) यदि पंजीकृत किये जाने वाले शेयरों की संख्या एक सौ से कम हो तो समस्त शेयरों के लिए एक ही सार्टीफिकेट जारी किया जाएगा।

(iii) एकाधिक व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से धारित किसी शेयर या शेयरों की बाबत बैंक एक से अधिक सर्टिफिकेट जारी करने के लिए बाध्य नहीं होगा तथा एकाधिक शेयरधारकों में से एक को की गई शेयर सुपुर्दगी उक्त शेयरधारकों को पर्याप्त सुपुर्दगी मानी जायेगी ।

15. शेयर सर्टीफिकेटों का नवीकरण :

(i) यदि कोई शेयर सर्टीफिकेट फट जाता है या विरूपित हो जाता है तो बोर्ड अथवा उसके द्वारा पदाभिहित समिति उक्त सर्टीफिकेट के प्रस्तुत किये जाने पर उसे निरस्त किये जाने तथा उसके स्थान पर नये सर्टीफिकेट के जारी किये जाने का आदेश दे सकती है ।

(ii) यदि किसी शेयर सर्टीफिकेट को खोया हुआ या नष्ट हुआ अभिकथित किया जाता है तो बोर्ड अथवा उसके द्वारा पदाभिहित समिति क्षतिपूर्ति सहित अथवा बिना प्रतिभा के, जैसा भी वह उचित समझे, तथा दो समाचार पत्रों में इस आशय की सूचना के प्रकाशन जिसका मूल्य एवं खर्च आदि इलाहाबाद बैंक को अदा कर दिया गया हो, के उपरान्त उसके बदले उस व्यक्ति को प्रमाण-पत्र की दूसरी प्रति दे सकती है जो उक्त खोये हुए या नष्ट हुए सर्टीफिकेट क हकदार है ।

16. शेयरों का समेकन एवं उप-विभाजन

शेयरधारक(कों) द्वारा लिखित रूप में आवेदन किये जाने पर बोर्ड या उसके द्वारा पदाभिहित समिति उसके पास समेकन या उप-विभाजन के लिए, जैसी भी स्थिति हो प्रस्तुत किये गये शेयरों को समेकित या उप विभाजित कर सकती है तथा उनके बदले में नया/नये सर्टीफिकेट बैंक उसकी/उनकी नियमित अथवा अनुषंगिक लागत, खर्च एवं प्रभार आदि अदा किये जाने पर जारी कर सकती है ।

17. शेयरों का अन्तरण :

(i) बैंक के शेयरों का प्रत्येक अन्तरण एक अन्तरण विपत्र जैसा कि एतद्दारा फार्म "क" के रूप में संलग्न है, द्वारा होगा या फिर ऐसे किसी अन्य फार्म के जरिए या जैसा कि समय-समय पर बैंक द्वारा अनुमोदित किया गया हो तथा यह फार्म सम्बद्ध शेयर सर्टीफिकेट के साथ-साथ, अन्तरणकर्ता एवं अन्तरिती द्वारा या उनकी ओर से अनिवार्यतः यथाविधि स्टांपित, दिनांकित एवं निष्पादित होगा ।

(ii) अन्तरण विपत्र को शेयर सर्टीफिकेट के साथ अन्तरणकर्ता द्वारा बैंक में उसके प्रधान कार्यालय को प्रस्तुत किया जायेगा तथा जब तक शेयर रजिस्टर में इस बाबत अन्तरिती का नाम दर्ज नहीं हो जाता, अन्तरणकर्ता को ही इन शेयरों का धारक समझा जायेगा ।

(iii) अन्तरण विषयक अनुरोध सहित अन्तरण विपत्र प्राप्त होने पर बोर्ड या बोर्ड द्वारा पदाभिहित समिति द्वारा इसे शेयर सर्टीफिकेट के साथ रजिस्ट्रार और/या शेयर अन्तरण एजेंट को सत्यापन हेतु भेजा जाएगा ताकि तदनुरूप तकनीकी अपेक्षाएं पूरी की जा सकें । रजिस्ट्रार और/या शेयर अन्तरण एजेंट अंतर विपत्र को शेयर सर्टीफिकेट, यदि कोई हो, के साथ अन्तरिती को पुनः प्रस्तुत हेतु करने वापस करेगा जब तक कि :—

(क) यह सम्बद्ध शेयर सर्टीफिकेट तथा ऐसे किसी अन्य साक्ष्य जो कि बोर्ड अन्तरणकर्ता को उक्त अन्तरण हेतू उसका अन्तरण संबंधी हक दिखाने के लिए चाहता हो, के साथ-साथ पंजीकरअ हेतू समुचित तौर पर निष्पादित न हो ।

(ख) रजिस्ट्रार इस बारे में संतुष्ट न हो कि अन्तरिती अन्तरण विपत्र के तहत उल्लिखित शेयरों की बाबत शेयरधारक के रूप में पजीकृत होने के योग्य है ।

(iii) बोर्ड या उसके द्वारा पदाभिहित समिति, जब तक विनियम 19 के तहत अन्तरण को पंजीकृत करने से इंकार न करे, अन्तरण को पंजीकृत करायेगी ।

18. अन्तरण को निलंबित करने की शक्ति :

बोर्ड या उसके द्वारा पदाभिहित समिति किसी भी अन्तरण को उस अवधि के दौरान पंजीकृत नहीं करेगी जबकि रजिस्टर बंद हो ।

19. बोर्ड का शेयरों के पंजीकरण या अन्तरण के अस्वीकार का अधिकार :

(i) बोर्ड अन्तरिती के नाम किसी शेयर का अन्तरण निम्नांकित में से किसी या एकाधिक कारणों से परन्तु उनके अलावा नहीं, अस्वीकार कर सकता है :—

(क) शेयरों का अन्तरण अधिनियम अथवा उसके तहत बनाये गये विनियमों के प्रावधानों के विपरीत हो या उक्त अन्तरण के पंजीकरण से संबन्धित किसी विधिक अपेक्षा का अनुपालन न करता हो,

(ख) शेयरों का अन्तरण बोर्ड के मतानुसार बैंक के हितों अथवा जनहित के प्रतिकूल न हो,

(ग) शेयर अन्तरण न्यायालय, ट्रिब्यूनल के आदेश या समयानुसार प्रभावी किसी भी कानून के अनुसार भी प्रतिसिद्ध होगा ।

(घ) भारतवर्ष से बाहर निवास करने वाला कोई व्यक्ति या कंपनी या भारतवर्ष में लागू न होने वाले किसी कानून के तहत निगमित कोई कम्पनी या उसकी कोई शाखा चाहे वह भारतवर्ष में निवासित है अथवा नही, अतरण को अनुमति प्रदान किये जाने पर बैंक के शेयर रख या प्रात कर सकेगी और कुल मिलाकर यह निवेश समादत्त पूंजी के 20 प्रतिशत (बीस प्रतिशत) या राजपत्र में अधिसूचना द्वारा केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिरिधारित में अधिक होगा ।

तथापि यह भी होगा कि उपर्युक्त उप-विनियम–(i) (ग) में उल्लिखित शक्तियां इस बाबत बोर्ड द्वारा पदाभिहित समिति द्वारा प्रयोग की जा सकेंगी ।

(ii) उक्त अन्तरण के पंजीकरण हेतु बैंक का शेयर अन्तरण लिखित दाखिल किये जाने पर बोर्ड अपना मत निर्धारित करेगा कि उप-विनियम (i) में उल्लिखित किसी कारण से इस पंजीकरण को अस्वीकार किया जाये अथवा नही :–

(क) यदि उसका यह मत निर्धारित होता है कि उक्त पंजीकरण को अस्वीकार न किया जाये तो पंजीकरण करेगा और

(ख) यदि उसका यह मत निर्धारित होता है कि पंजीकरण को उप विनियम (i) में उल्लिखित किसी कारणवश अस्वीकार कर दिया जाये तो अंतरण प्रपत्र को प्राप्ति के 60 दिनों के अन्दर अन्तरणकर्ता एवं अन्तरिती को लिखित रूप में नोटिस द्वारा सूचित करेगा ।

20. मत्यु, दिवालियापन आदि की स्थिति में शेयरों का पारेषण :

(i) किसी शेयर के मामले मे सम्बद्ध शेयरधारक का निष्पादक या प्रशासक अथवा प्रोबेट–पत्र या प्रशासन पत्र जो बिलयुक्त या बिल रहित हो सकता है, का अथवा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 के भाग 10 के तहत जारी उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र का धारक अथवा कोई विधिक प्रतिनिधित्वधारक या कोई व्यक्ति जिसके पक्ष में अपने जीवनकाल के दौरान मृतक पूर्णधारक द्वारा वैध अन्तरण लिखत निष्कमित किया गया हो, ही एक मात्र व्यक्ति होगा जिसे इलाहाबाद बैंक द्वारा उक्त शेयर पर कोई हक रखने की बाबत मान्यता दी जा सकेगी ।

(ii) दो या अधिक शेयरधारकों के नाम से पंजीकृत शेयरों के मामले में उत्तरजीवी या उत्तरजीवियों तथा अंतिम उत्तरजीवी की मत्यु की स्थिति में उसके निष्पादकों या प्रशासकों अथवा किसी व्यक्ति जो कि प्रोबेट–पत्र बिलयुक्त अथवा बिल-रहित प्रशासन पत्र या उत्तराधिकार प्रमाणपत्र या ऐसे उत्तराधिकारी के शेयर संबंधी हित विषयक अन्य किसी विधिक प्रतिनिधित्व के धारक या किसी व्यक्ति जिसके पक्ष में शेयर संबंधी वैध लिखत ऐसे व्यक्ति या ऐसे अंतिम उत्तरजीवी द्वारा अपने जीवनकाल मे निष्पादित किया गया हो, को ही इलाहाबाद बैंक द्वारा उक्त शेयर पर कोई हक रखने वाले व्यक्ति के पक्ष में मान्यता दी जा सकेगी ।

(iii) इलाहाबाद बैंक ऐसे निष्पादको या प्रशासकों को मान्यता देने के लिए बाध्य नहीं होगा जब तक कि वे स्थिति अनुरुप सक्षम अधिकारितायुक्त न्यायालय से प्रोबेट या प्रशासन पत्र या उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्राप्त न कर लें ।

तथापि, यह भी कि जहां बोर्ड अपने विवेकानुसार उपयुक्त समझे वह प्रोबेट पत्र या प्रशासन पत्र या उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र या ऐसे अन्य किसी विधिक प्रतिनिधित्व से क्षतिपूर्ति या अन्य संदर्भ में उचित समझे जाने तक अभिमुक्ति प्रदान कर सकेगा ।

(iv) ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो कि किसी शेयरधारक की मत्यु के परिणामस्वरुप शेयर का हकदार बन जाता है या ऐसे व्यक्ति को जो कि शेयरधारक के दिवालियेपन, शोधन अक्षमता या परिसमापन की स्थिति में शेयर का हकदार बनता है, बोर्ड द्वारा अपेक्षित संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करने पर अधिकार प्राप्त होगा कि–

(i) वह उक्त शेयर के लिए शेयरधारक के रुप में पंजीकृत किया जा सकेगा,

(ii) ऐसे शेयर को इस प्रकार अन्तरित करा सकेगा जैसे कि वह व्यक्ति कराता जिससे उसे उक्त अधिकार प्राप्त हुआ है ।

21. पंजीकरण के हकदार न रहने वाले शेयरधारक :

शेयरधारक के रुप में पंजीकृत किसी भी व्यक्ति का चाहे वह एक मात्र रुप में हों अथवा अन्य के साथ संयुक्त रुप में हो या किसी शेयर के लिए उसके धारक के न रहने पर नये धारक के रुप में पंजीकृत होने वाले अन्य व्यक्तियो का यह दायित्व होगा कि वे धारक न रहने मे सम्बन्धित आशय की सूचना निदेशकों के बोर्ड को दें ।

22. शेयर संबंधी मांगे (कॉल)

शेयरधारकों पर उनके शेयरों के सम्बन्ध में भुगतान के लिए शेष रही धनराशि जो कि आवंटन की शर्त के अनुसार निर्धारित समय पर अदा नही की गई हो, की बाबत बोर्ड समय-समय पर जैसा कि वह उचित समझे, मांग प्रस्तुत कर सकता है तथा इस प्रकार प्रस्तुत की गई मांग की राशि प्रत्येक शेयरधारक को उस दिये समय एवं स्थान पर

जैसा कि बोर्ड द्वारा निश्चित किया जायेगा, अदा करनी होगी। माग किस्तों मे भी मदेय हो मकती है।

23. मांगों का संकल्प की तिथि से होना :

कोई भी माग उसी समय की गई मानी जायेगी जबकि उसे प्राधिकृत किये जाने का संकल्प बोर्ड द्वारा पारित किया गया हो और उसी तिथि को अथवा बोर्ड विवेकानुसार इस सम्बन्ध में निर्धारित की गई अन्य किसी अनुवर्ती तिथि को शेयरधारकों द्वारा अदा किये जाने के लिए रजिस्टर में दर्ज रहेगी।

24. मांग की सूचना :

भुगतान के समय का उल्लेख करते हुए प्रत्येक मांग की बाबत कम से कम 30 दिन (तीस दिन) की सूचना दी जायेगी परन्तु भुगतान के समय से पूर्व बोर्ड शेयरधारकों को लिखित नोटिस देते हुए इसे प्रतिसंहृत कर सकता है।

25. मांग के भुगतान के लिए समय का बढ़ाया जाना :

बोर्ड शेयरधारकों के निवास स्थान की दूरी या किसी अन्य उपयुक्त कारण को देखते हुए उनमें से किसी के या उन सभी के लिए निर्धारित की गई भुगतान की समय सीमा को बढ़ा सकता है लेकिन किसी शेयरधारक को इस प्रकार की समयवृद्धि की बतौर अधिकार पात्रता नहीं होगी।

26. संयुक्त धारकों की देयताएं—किसी शेयर के संयुक्त धारकों को तत्संबंधित समस्त मांगों के लिए अलग-अलग दायी माना जाएगा।

27. मांग के अनुसार किस्तों में या निश्चित समय पर देय राशि :

यदि किसी शेयर निर्गम की शर्तों के अनुसार या अन्यथा कोई राशि किसी निश्चित समय पर या किस्तों द्वारा देय है तो इस राशि या किस्त को उसी प्रकार देय माना जायेगा जैसे कि यह बोर्ड द्वारा की गई हो तथा जिसके लिए अपेक्षित नोटिस दे दिया गया हो तथा मांगों के सम्बन्ध में यहां निहित समस्त उपबंध तदनुसार उसी राशि या किस्त से सम्बद्ध होंगे।

28. मांग या देय किस्त पर ब्याज :

यदि किसी माग या किस्त से सम्बन्धित राशि उसके भुगतान के निमित्त निर्धारित तिथि को या उससे पूर्व अदा नहीं की जाती है तो समयानुसार धारक या शेयर का आबटी जिसे मांग जारी की गई है या किस्त देय हुई है, बोर्ड द्वारा समय-समय पर नियत की गई दर के अनुसार तथा निश्चित समय के बाद में वास्तविक भुगतान तक की अवधि के लिए उक्त राशि पर ब्याज की अदायगी करेगा, परन्तु बोर्ड विवेकानुसार इस ब्याज का कोई अंश या ब्याज की समस्त राशि के भुगतान का अधित्याग (वेव) कर सकेगा।

29. शेयरधारक द्वारा मांगों का भुगतान न किया जाना :

कोई भी शेयरधारक उस समय तक किसी भी प्रकार का लाभांश प्राप्त करने या शेयरधारक के बतौर किसी अधिकार का प्रयोग करने का हकदार नहीं होगा जब तक कि वह एकल अथवा संयुक्त अपने शेयरों की बाबत समयानुरूप देय सभी मांगों का ब्याज एवं खर्चे जो कि उस पर लगाया अथवा प्रभारित किया गया हो।

30. ब्याज या मांग का भुगतान न किए जाने पर नोटिस :

यदि कोई शेयरधारक किसी मांग को पूरी तौर पर या उसके किसी अंश को या किस्त को या किसी शेयर की बाबत देय किसी अन्य धनराशि को मूल अथवा ब्याज के बतौर उसके भुगतान को निश्चित तिथि पर या उससे पूर्व अदा करने में असफल रहता है तो इलाहाबाद बैंक तत्पश्चात् किसी भी समय जबकि मांग या किस्त या उसका कोई भाग या अन्य धनराशि भुगतान हेतु शेष हो, या तत्संबंधित कोई निर्णय या डिक्री पूर्णतः अथवा अंशतः असंतुष्ट हो, उक्त शेयरधारक को या शेयर के पारेषण द्वारा पात्र व्यक्ति (यदि कोई हो) को यह अपेक्षा करते हुए कि वह उक्त मांग की राशि या किस्त या उसके किसी भाग या किसी अन्य धनराशि की अदायगी कर जो किसी उपचित ब्याज आदि सहित शेष हो एवं अन्य खर्चों (विधिक एवं अन्य) जो कि उक्त भुगतान न होने के कारण इलाहाबाद बैंक द्वारा उठाए गए हों, नोटिस जारी कर सकता है।

31. समपहरण का नोटिस :

समपहरण के नोटिस की तिथि इस आशय के नोटिस कि कहां तथा किन स्थानों पर और किस मांग पर या किस भाग अथवा राशि का या ब्याज एवं व्ययों का (जैसा कि ऊपर उल्लिखित किया गया है) भुगतान किया जाना है, से 14 (चौदह) दिनों से कम नहीं होगी। नोटिस में यह भी उल्लेख होगा कि निश्चित किये गये स्थान पर यथासमय अथवा समयपूर्व भुगतान न किये जाने की स्थिति में उक्त शेयर जिसकी बाबत माग की गई है या किस्त देय है, समपहरणीय होंगे।

32. चूक पर समपहरित किए जाने वाले शेयर :

यदि किसी नोटिस जैसा कि ऊपर उल्लिखित है, की अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं होता है तो शेयरों में से किसी को भी जिसकी बाबत नोटिस दिया गया है, तत्पश्चात् किसी भी समय माग या किस्त, ब्याज और खर्च या तत्संबंधित किसी देय राशि की अदायगी न होने के कारण बोर्ड द्वारा इस आशय का संकल्प पारित करते हुए समपहरित कर लिया जायेगा। समपहरित शेयरों की बाबत घोषित समस्त लाभांश जिसका तब तक वास्तव में भुगतान नहीं हुआ है, इस समपहरण में शामिल होंगे।

33. रजिस्टर में समपहरण की प्रविष्टि :—

विनियम 32 के तहत समपहरित हुए किसी शेयर की प्रविष्टि तत्संबंधित तिथि सहित रजिस्टर में की जाएगी।

34. समपहरित शेयर का इलाहाबाद बैंक की सम्पत्ति होना तथा बेचा जा सकना—

उक्त प्रकार से समपहरित किए गए किसी भी शेयर को इलाहाबाद बैंक की संपत्ति माना जाएगा तथा बोर्ड द्वारा यथानिर्धारित तरीके से किसी भी व्यक्ति को बेचा, पुनराबंटित किया या अन्यथा निष्पादित किया जा सकेगा।

35. समपहरण को निष्प्रभावी (बातिल) करने की शक्ति—

बोर्ड जैसा भी उचित समझे, वह किसी शेयर को जो कि विनियम–32 के तहत समपहरित किया गया है बेचे जाने या पुनराबंटित किए जाने या अन्यथा निष्पादित किए जाने से पूर्व समपहरण से बातिल कर सकेगा।

36. समपहरण के समय देय राशि के ब्याज सहित भुगतान के लिए शेयरधारक का दायी होना—

कोई भी शेयरधारक जिसके शेयरों का समपहरण किया गया है समपहरण के होते हुए भी इलाहाबाद बैंक को सभी मांगों, किस्तों, ब्याज, खर्चों एवं ऐसी अन्य समस्त राशि जो उसके द्वारा बैंक को देय है या उन शेयरों की बाबत उसे अदा करनी है, जिन्हें समपहरित किया गया है, समपहरण के समय ऐसी दर से लगने वाले ब्याज सहित अदायगी करेगा तथा करने के लिए दायी होगा जो कि बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई हो तथा बोर्ड इसके सम्पूर्ण अथवा आंशिक भुगतान को प्रवर्तित कर सकेगा।

37. आंशिक भुगतान से समपहरण को नहीं रोका जा सकना—

किसी शेयर की बाबत देय मांग या अन्य राशि के संबंध में न तो कोई निर्णय, न इलाहाबाद बैंक के पक्ष में जारी हुई कोई डिक्री, न कोई भुगतान अथवा तद्धीन तुष्टि, न ऐसी किसी राशि की इलाहाबाद बैंक द्वारा प्राप्ति, जो कि बतौर मूल या ब्याज अथवा उसके किसी अंश के किसी शेयर की बाबत शेयरधारक द्वारा देय हो और न ही इलाहाबाद बैंक द्वारा किसी राशि की बाबत मंजूर किए गए अनुग्रह द्वारा उक्त विनियमों के तहत से शेयरों को समपहरण से प्रवारित किया/रोका जा सकेगा।

38. शेयर के समपहरण से बैंक के विरुद्ध सभी दावों का निर्वापन—

शेयर के समपहरण में तत्समय बैंक के विरुद्ध तत्संबंधित समस्त दावों एवं मांगों तथा शेयर से संबंधित समस्त आनुषंगिक अधिकार सिर्फ उनको छोड़कर जो कि एतद्द्वारा स्वतः माफ हो जाते हैं, का निर्वापन सम्मिलित होगा।

39. समपहरित होने पर मूल शेयरों का विक्रय, पुनः जारी करण, पुनराबंटन या निपटान पर अक्षत और शून्य होना —

पूर्वोल्लिखित विनियमों के तहत किसी विक्रय, पुनः जारीकरण पुनराबंटन या अन्यथा निपटान पर संबंधित शेयरों की बाबत जारी मूल प्रमाणपत्र (जब तक कि चूककर्ता सदस्य द्वारा इसे बैंक के मांगे जाने पर पूर्वतः ही बैंक को अभ्यर्पित न कर दिया गया हो) निरस्त समझा जायेगा तथा आकृत और शून्य होते हुए निष्प्रभावी होगा लेकिन बोर्ड को हक होगा कि वह उक्त शेयरों की बाबत तदनुरूप पात्र व्यक्ति या व्यक्तियों को नया या नये प्रमाण पत्र जारी कर सकेगा।

40. समपहरण प्रावधानों का लागू होना—

समहरण के संबंध में इन विनियमों के प्रावधान ऐसी किसी धनराशि की गैर-अदायगी के मामले में लागू होंगे जो शेयर निर्गम की शर्तों के अनुसार एक निश्चित समय पर शेयरों के अभिहित मूल्य या प्रीमियम के बतौर तथा नियमानुसार की गई मांग पर देय होती है।

41. शेयरों पर धारणाधिकार—

(i) बैंक का प्रथम एवं सर्वोपरि धारणाधिकार होगा—

(क) प्रत्येक शेयर (जो पूर्णतः संदत्त शेयर नहीं है) पर उस शेयर से संबंधित समस्त धनराशि (भले ही सम्प्रति देय है अथवा नहीं) जिसकी मांग की गई या जो एक निश्चित समय पर देय है, की बाबत,

(ख) समस्त शेयरों (जो पूर्णतः संदत्त शेयर नहीं है) पर जो कि एकल व्यक्ति के नाम पंजीकृत है, उस धनराशि की बाबत जो सम्प्रति उसके द्वारा या उसकी संपदा द्वारा बैंक को देय है।

(ग) प्रत्येक व्यक्ति के नाम पंजीकृत (एकल अथवा संयुक्त रूप से) समस्त शेयरों एवं उसके ऋणों, देयताओं एवं वचनबंधों जो कि एकल अथवा संयुक्त रूप से अन्य व्यक्ति के साथ अथवा बैंक के साथ हो सकते हैं, की बाबत विक्रय आगम पर; भले ही तत्संबंधित भुगतान को पूरा करने या निष्पादित करने की अवधि वास्तव में आ चुकी हो अथवा नहीं और साथ ही यह भी कि बैंक द्वारा अपने धारणाधिकार के ऊपर किसी शेयर पर किसी साम्य हित को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

लेकिन साथ ही यह भी कि निदेशक बोर्ड किसी भी समय किसी भी शेयर को इस खंड के प्रावधानों से पूर्णतः या अंशतः छूट दे सकता है।

(ii) किसी शेयर के संबंध में बैंक का धारणाधिकार, यदि कोई हो, उस पर दिए गए समस्त लाभांश तक विस्तृत होगा।

42. शेयरों की बिक्री द्वारा धारणाधिकार का प्रवर्तन :

(i) बैंक ऐसे तरीके से जो कि बोर्ड उपयुक्त समझे, कपनी के धारणाधिकारयुक्त किसी शेयर को बिक्री कर सकेगा ।

(क) यदि वह राशि जिसकी बाबत धारणाधिकार मौजूद है, सम्प्रति देय है और

(ख) शेयर के वर्तमान पंजीकृत धारक या उसकी मृत्यु अथवा दिवालियेपन के फलस्वरूप पात्र हुए व्यक्ति को उस भुगतान अथवा उसके किसी अंश जिसकी बाबत धारणाधिकार विद्यमान है, की मांग करते हुए लिखित नोटिस दिये जाने के 14 दिन पश्चात्,

(ii) इस प्रकार के किसी विक्रय को प्रभावी करने के लिए बैंक शेयरों के क्रेता को उसके अन्तरण की बाबत किसी अधिकारी को प्राधिकृत कर सकता है ।

43. शेयरों के विक्रय आगम का उपयोग (एप्लीकेशन) :

विनियम 42 के तहत शेयरों के बिक्री के सकल आगम को उक्त बिक्री संबंधी लागत काटकर उस ऋण या देयता की तुष्टि के लिए उपयोजित किया जायेगा जिसकी बाबत धारणाधिकार विद्यमान है तथा जहां तक देय है और यदि कोई शेष है तो उसे ऐसे शेयरधारकों या व्यक्ति को जो कि इस प्रकार बिक्रीत शेयरों के पारेषण के उपरांत हकदार है, अदा किया जाएगा ।

44. समपहरण का प्रमाण पत्र :

किसी निदेशक या इलाहाबाद बैंक द्वारा इस बारे में प्राधिकृत किये गये अन्य अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी इस आशय का लिखित प्रमाण पत्र कि शेयर की बाबत मांग की तथा शेयर के समपहरण को तदहेतु बोर्ड द्वारा लिये गये संकल्प के अनुसार प्रभाव में लाया गया था, उसमें लिखित इस आशय का उक्त शेयर के पात्र सभी व्यक्तियों के प्रति अंतिम साक्ष्य होगा ।

45. समपहरित शेयर के आबंटी और क्रेता का हक :

किसी शेयर के विक्रय, पुनरावंटन या अन्यथा निपटान पर यदि कोई प्रतिफल दिया जाता है तो इलाहाबाद बैंक उसे प्राप्त कर सकता है और वह व्यक्ति जिसे शेयर बेचा, पुनराबंटित किया अथवा निष्पादित किया जाता है, शेयर के धारक के रूप में पंजीकृत किया जा सकेगा और वह प्रतिफल, यदि कोई हो, को देखने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही शेयर पर उसका हक किसी अनियमितता अथवा समपहरण विक्रय, पुनराबंटन या शेयर के निपटान संबंधी किसी कार्यवाही की अवैधता द्वारा प्रभावित होगा तथा विक्रय के कारण पीडित किसी व्यक्ति का समाधान मात्र क्षति तक एवं इलाहाबाद बैंक के प्रति ही होगा ।

46. शेयर धारकों को नोटिस या कागज की तामील :

(i) बैंक किसी शेयरधारक को नोटिस देने के लिए किसी सूचना-पत्र, कागज की तामील वैयक्तिक रूप से या साधारण डाक से उसके पंजीकृत पते पर या यदि भारतवर्ष में उसका कोई पंजीकृत पता नहीं है तो भारतवर्ष में उसके किसी भी पते पर, जो कि उसके द्वारा दिया गया है, कर सकता है ।

(ii) जब कोई नोटिस या कागज डाक द्वारा भेजा जाता है तो इस नोटिस या कागज की तामील सही पता लिखे जाने, पहले से ही डाक महसूल दिये गये होने तथा डाक में डाले जाने वाले पत्र जिसमें उक्त नोटिस या कागज रखा गया है, के रूप में की गई मानी जायेगी ।

परन्तु यह भी कि यदि किसी मामले में शेयरधारक द्वारा पूर्वत : ही बैंक को यह सूचित कर दिया गया है तथा उसे इस आशय के लिए पर्याप्त राशि भी जमा करा दी गई है कि शेयरधारक को भेजे जाने वाले कागजात डाक प्रमाणित या पंजीकृत डाक के रूप में ही उसे भेजे जायें तो उक्त नोटिस या कागज की तामील केवल तभी प्रभावी मानी जायेगी जबकि उसे वे उपर्युक्त तरीके से ही भेजे गये हों तथा यह तामील संबंधित पत्र के डाक में दिए जाने के अड़तालीस (48) घण्टे बाद ही हुई मानी जा सकेगी और किसी अन्य मामले में उस समय उसे तामील हुआ माना जायेगा जबकि यह डाक की सामान्य प्रक्रिया के तहत उसको सुपुर्द किया गया हो ।

(iii) बैंक के प्रत्येक ऐसे शेयरधारक पर जिसका भारतवर्ष में कोई पंजीकृत पता नहीं है तथा जिसने नोटिस दिये जाने की बाबत बैंक को भारतवर्ष का कोई पता उपलब्ध नहीं कराया है पर किसी नोटिस या कागज को उसी दिन तामील हुआ माना जायेगा जिस दिन वह भारतवर्ष में विस्तृत तौर पर परिचालित किसी समाचार पत्र में विज्ञापित होता है ।

(iv) किसी शेयर के संयुक्त धारक होने की स्थिति में बैंक द्वारा उस व्यक्ति को नोटिस या कागज तामील किया जा सकता है जिसका नाम प्रथम स्थान पर उल्लिखित है तथा इस प्रकार दिया गया नोटिस उक्त शेयर के सभी धारकों के लिये पर्याप्त नोटिस माना जायेगा ।

(v) बैंक द्वारा कोई नोटिस या कागज किसी शेयरधारक की मृत्यु अथवा दिवालियेपन के परिणामस्वरूप उसके हकदार व्यक्तियों को एक पहले से ही डाक महसूल अदा किये गये उनके नाम संशोधित पत्र के जरिये भारतवर्ष के पते, यदि कोई हो तथा उक्त व्यक्तियों द्वारा तदहेतु पात्र होने का दावा प्रस्तुत करते हुए उपलब्ध कराया गया हो, पर अथवा ऐसे किसी तरीके से जिससे कि यह उस अवस्था में तामील किया जाता जबकि मृत्यु अथवा दिवालियापन घटित न हुआ होता, तामील किया जा सकेगा ।

(vi) इलाहाबाद बैंक द्वारा दिये जाने वाले किसी भी नोटिस पर हस्ताक्षर लिखित या मुद्रित रूप में हो सकते हैं ।

और वैयक्तिक रूप से या परोक्षी अथवा यथाविधि प्राधिकृत प्रतिनिधि के जरिये बैठक में उपस्थित शेयरधारकों को ही कोरम मान लिया जायेगा।

59. साधारण बैठक का अध्यक्ष :

(i) अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक या उसकी अनुपस्थिति मे कार्यपालक निदेशक अथवा उसकी भी उपस्थिति न होने की स्थिति में निदेशकों में से कोई एक जिसे अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक या उसकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक द्वारा उसकी ओर से प्राधिकृत किया गया हो, बैठक का अध्यक्ष होगा और यदि अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक या कार्यपालक निदेशक अथवा उनकी ओर से इसके लिये प्राधिकृत कोई निदेशक उपस्थित न हो तो बैठक में उपस्थित किसी निदेशक को उसके द्वारा बैठक की अध्यक्षता के लिये चुना जा सकेगा।

(ii) सामान्य बैठक का अध्यक्ष ही उसकी प्रक्रिया का विनियमन करेगा तथा प्रमुख तौर पर उस क्रम/व्यवस्था को निश्चित करने की शक्ति उसी में निहित होगी कि शेयरधारक बैठक को किस प्रकार सम्बोधित करेंगे, वही भाषण की समय-सीमा निर्धारित करेगा तथा जब वह समझेगा कि किसी विषय पर पर्याप्त चर्चा हो चुकी है उसे बन्द करा सकेगा तथा बैठक को स्थगित कर सकेगा।

60. साधारण बैठक के भाग लेने के हकदार व्यक्ति :—

(i) इलाहाबाद बैंक के सभी निदेशक तथा शेयरधारक उपविनियम (ii) के प्रावधानों के अध्यधीन साधारण बैठक में भाग लेने के हकदार होंगे।

(ii) बैठक में भाग लेने वाले किसी भी शेयर धारक (केन्द्रीय सरकार के अलावा) या निदेशक हेतु पहचान के उद्देश्य यार्थ एवं उसके मत देने सम्बन्धी अधिकार के निर्धारण के लिये यह अपेक्षित होगा कि वह अध्यक्ष द्वारा निर्धारित एवं निम्नांकित सूचनायुक्त फार्म को हस्ताक्षरित कर बैंक को सौंप दे—

(क) पूरा नाम एवं पंजीकृत पता

(ख) उसके शेयर की सुस्पष्ट संख्यायें

(ग) क्या वह वोट देने का हकदार है तथा उन वोटों की संख्या जिन्हें देने का उसे व्यक्तिगत, परोक्षी अथवा यथाविधि प्राधिकृत प्रतिनिधि के बतौर हक है ।

61. साधारण बैठकों में मतदान

(i) किसी साधारण बैठक में उसकी वोट के लिये रखे गये संकल्प पर मतदान जब तक कि पोलिंग की मांग न की जाए, हाथ उठाकर ही होगा।

(ii) अधिनियम में अभिव्यक्त रूप से जैसा उपबन्धित है उसके सिवाय बैठक में प्रस्तुत किये गये प्रत्येक मामले को बहुमत आधार पर निर्णीत किया जायेगा।

(iii) जब तक कि उप विनियम (i) के तहत मतदान की मांग नहीं की गई हो, बैठक के अध्यक्ष की इस आशय से संसूचित घोषणा कि संकल्प को हाथ उठाकर सर्वसम्मति से अथवा बहुत से बैठक में स्वीकार कर लिया गया है तथा कार्यवाही सम्बन्धी कार्यवृत्त पंजी में तत्सम्बन्धित प्राविष्टि ही इस तथ्य का अन्तिम साक्ष्य होगी तथा इससे कोई सरोकार नहीं होगा कि उक्त संकल्प के पक्ष या विपक्ष मतों का क्या अनुपात रहा ।

(iv) किसी संकल्प पर हाथ उठाकर हुए मतदान के परिणाम की घोषणा पर या उसके पूर्व बैठक के अध्यक्ष द्वारा स्वयं की ओर से पोलिंग का आदेश दिया जा सकेगा लेकिन यदि कोई एक या अधिक शेयरधारक वैयक्तिक तौर पर अथवा परोक्षी के रूप में वहां उपस्थित है जिनके पास इलाहाबाद बैंक के इतने शेयर है कि उसे कुल मतों के पांचवें भाग के बराबर मत देने का अधिकार प्राप्त है, संकल्प की बाबत पोलिंग की मांग करता है तो अध्यक्ष को तद हेतु आदेश देना होगा।

(v) पोलिंग की मांग करने वाले व्यक्ति या व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा अपनी पोलिंग सम्बन्धी मांग को कभी भी वापस लिया जा सकता है।

(vi) स्थगन या बैठक के अध्यक्ष के चुनाव को लेकर की गई पोलिंग की मांग को तुरन्त स्वीकार किया जायेगा।

(vii) अन्य किसी सवाल पर की गई पोलिंग की मांग को उसके किये जाने के पश्चात अड़तालीस घण्टों के अन्दर जैसा कि अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया जाये, लिया जायेगा।

(viii) किसी व्यक्ति की वोट देने सम्बन्धी योग्यता और पोलिंग के मामले में किसी व्यक्ति द्वारा प्रयुक्त की जा सकने वाली वोटों की संख्या के बारे में बैठक के अध्यक्ष का निर्णय अन्तिम होगा ।

62. साधारण बैठकों के कार्यवृत्त:—

(i) इलाहाबाद बैंक समस्त कार्यवाही के कार्यवृत्त तद हेतु रखी गई जिल्दों में रखेगा।

(ii) ऐसे सभी कार्यवृत्त जिनका यदि उसी बैठक के अध्यक्ष जिसकी कार्यवाही से वे सम्बद्ध हैं अथवा अनुवर्ती बैठक के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित होना अभिप्रेत है, कार्यवाही का साक्ष्य माने जायेंगे।

(iii) जब तक कि तत्प्रतिकूल कुछ साबित नहीं हो जाता प्रत्येक साधारण बैठक को जिसकी बाबत इस प्रकार कार्यवृत्त तैयार हुए हैं, यथाविधि बुलाया गया तथा

हुआ माना जायेगा तथा रिकार्डबद्ध कार्यवाही को नियमानुसार सम्पूर्ण हुआ माना जायेगा ।

अध्याय-V

निदेशकों का चुनाव

63. निदेशकों का साधारण बैठक में चुना जाना –

(i) अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (3) के खंड (i) के तहत किसी निदेशक का चुनाव इलाहाबाद बैंक की साधारण बैठक के अंतर्गत केन्द्र सरकार को छोड़कर रजिस्टर में दर्ज शेयर-धारकों द्वारा खुद उन्हीं में से किया जाएगा ।

(ii) जब किसी निदेशक का चुनाव किया जाना होगा तो इस आशय का नोटिस बैठक के बुलाये जाने संबंधी नोटिस में ही शामिल कर दिया जायेगा । इस प्रकार के नोटिस मे चुनाव होने वाले निदेशकों की संख्या तथा तत्संबंधित रिक्तियों का स्पष्ट विवरण उल्लिखित रहेगा ।

64. शेयरधारकों की सूची :–

(i) इन विनियमों के विनियम 63 के उप-विनियम (i) के तहत निदेशक के चुनाव के उद्देश्यार्थ उन शेयरधारकों की एक सूची तैयार की जायेगी जो रजिस्टर मे दर्ज है तथा जिनके द्वारा निदेशक का चुनाव किया जाना है ।

(ii) इस सूची में शेयरधारकों के नाम, उनका पंजीकृत पता, उनके शेयरों की कुल संख्या तथा क्रमांक एवं उनके पंजीकरण की तिथि तथा उन वोटों की संख्या जिन्हें डालने का उन्हे चुनाव की तिथि वाली बैठक में डालने का हक होगा, शामिल रहेंगे और इस सूची की प्रतिया बैठक की निर्धारित तिथि से कम से कम प्रधान कार्यालय में आवेदन पर तीन सप्ताह पूर्व तथा ऐसे मूल्य पर खरीद के लिए उपलब्ध रहेंगी जो बोर्ड या प्रबंधन समिति द्वारा निर्धारित किया गया हो ।

65. चुनाव के लिए प्रत्याशियों का नामांकन:–

(i) निदेशक के लिए चुनाव की बाबत किसी प्रत्याशी का कोई नामांकन तब तक वैध नहीं होगा जब तक कि–

(क) वह इलाहाबाद बैंक के कम से कम 100 शेयरों का धारक न हो ।

(ख) अधिनियम अथवा स्कीम के तहत वह नामांकन प्राप्ति के अन्तिम दिवस को निदेशक होने के अयोग्य न हो ।

(ग) उसने बैंक के अपने शेयरों की बाबत जो कि उसके पास एकल रूप से या अन्यों के साथ संयुक्त तौर पर हो सकते हैं, की गई समस्त मांगों का भुगतान तदहेतु निर्धारित अंतिम तिथि को या उससे पूर्व न कर दिया हो ।

(घ) वह लिखित रूप में तथा अधिनियम के तहत चुनाव करने के हकदार कम से कम सौ शेयरधारकों या उनके यथाविधि नियत अटर्नी द्वारा हस्ताक्षरित न हो परन्तु यह भी कि ऐसे शेयरधारक का नामांकन जो कि एक कंपनी है उस कंपनी के निदेशकों द्वारा पारित संकल्प के द्वारा ही किया जा सकेगा और जहां ऐसा होता है तो संकल्प की उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि जिसमें उसे पारित किया गया था, इलाहाबाद बैंक के प्रधान कार्यालय को प्रेषित की जायेगी तथा इस प्रतिलिपि को ही उक्त कंपनी की ओर से नामांकन समझा जायेगा ।

(ङ) नामांकन में प्रत्याशी द्वारा किसी न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, बीमा रजिस्ट्रार या सब-रजिस्ट्रार या अन्य राजपत्रित अधिकारी अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंक के किसी अधिकारी के समक्ष हस्ताक्षरित किया गया लिखित घोषणा-पत्र भी निहित अथवा संलग्न नहीं होगा जिसमें स्पष्टत: उल्लिखित हो कि वह चुनाव में खड़ा होने का इच्छुक है तथा यह कि वह अधिनियम या योजना अथवा इन विनियमों के तहत निदेशक बनने के लिए अयोग्य नही है ।

(ii) कोई भी नामांकन तब तक वैध नहीं होगा जब तक कि यह सभी प्रकार से पूर्ण समस्त कागजात सहित तथा बैठक की नियत तिथि से कम से कम चौदह दिन पूर्व किसी कार्य दिवस को इलाहाबाद बैंक के प्रधान कार्यालय में प्राप्त न हो गया हो ।

66. नामांकनों की जांच :–

(i) नामांकनों की जांच उनकी प्राप्ति के लिए नियत तिथि के ठीक अगले दिन को जायेगी तथा यदि किसी नामांकन को वैध नहीं पाया जाता है तो उसे संबंधित कारण दर्ज करते हुए अस्वीकार कर दिया जाएगा । यदि चुनाव द्वारा भरी जाने वाली किसी रिक्ति विशेष के लिए एक मात्र वैध नामांकन पाया जाता है तो इस प्रकार नामांकित प्रत्याशी को परन्तु निर्वाचित मान लिया जायेगा तथा उसका नाम एवं पता इस प्रकार निर्वाचित होने के बतौर प्रकाशित किया जायेगा । ऐसी स्थिति में तद्हेतु बुलाई गई बैठक में कोई चुनाव नही होगा तथा यदि बैठक मात्र इसी उद्देश्यार्थ बुलाई गई तो यह निरस्त समझी जायेगी ।

(ii) निर्वाचित होने वाले निदेशकों की संख्या से वैध नामांकनों के अधिक होने की स्थिति में चुनाव होने पर अधिकांश वोट प्राप्त करने वाले प्रत्याशी को निर्वाचित समझा जायेगा ।

(iii) मौजूदा रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित किसी निदेशक को उसके निर्वाचित होने या समझे जाने की तिथि के अगले दिन से ही पदधारी मान लिया जायेगा ।

67. निर्वाचन विवाद–(i) यदि निर्वाचित हुए अथवा समझे गए किसी व्यक्ति की योग्यता अथवा अयोग्यता अथवा निदेशक के निर्वाचन की वैधता के बारे में कोई विवाद होता है तो इच्छुक व्यक्ति, जो कि उक्त निर्वाचन में कोई प्रत्याशी हो या शेयरधारक हो, उस निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तिथि के सात दिनों के अंदर इस आशय की सूचना इलाहाबाद बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को लिखित रूप में दे सकता है तथा इस सूचना में उसे उन समस्त कारणों का विवरण देना होगा जिनके आधार पर वह निर्वाचन की वैधता को लेकर संदेह या विवाद कर रहा है ।

(ii) उप-विनियम (i) के तहत किसी सूचना के प्राप्त होने पर इलाहाबाद बैंक का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या उसकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक इस संदेह या विवाद को परन्तु एक समिति को निर्णय के लिए प्रस्तुत करेगा जिसमें अध्यक्ष एवं

प्रबंध निदेशक या उसकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक तथा निदेशकों में से अधिनियम की धारा 9 की उपधारा3 के खंड(ख) एवं (ग) के तहत नामित कोई दो निदेशक होंगे ।

(iii) उपर्युक्त उप-विनियम (ii)में संदर्भित समिति स्वय के द्वारा उचित समझी गई जांच करेगी तथा यदि उसके द्वारा पाया जाता है कि चुनाव वैध था तो वह चुनाव के घोषित परिणाम की पुष्टि कर देगी और यदि पाया जाता है कि चुनाव वैध नही था तो जांच के प्रारंभ होने के तीस दिन के अन्दर आदेश देते हुए निर्देशित करेगी जिसमें परिस्थिति अनुरूप नये चुनाव का आयोजन शामिल होगा ।

(iv) इस नियम के अनुसरण में उक्त समिति का आदेश एवं निर्देश निश्चायक होगा ।

अध्याय--VI

शेयरधारकों के मताधिकार

68. मताधिकारों का अवधारण :—

(i) अधिनियम की धारा 3(2-ङ) मे निहित प्रावधानो के अध्यधीन प्रत्येक शेयरधारक को जिसे साधारण बैठक की तिथि के पूर्व रजिस्टर के बंद होने की तिथि को उक्त रूप में पंजीकृत किया गया है, इस बैठक में हाथ उठाने की बाबत एक वोट तथा पोलिंग की स्थिति में उसके पास मौजूद शेयरों की संख्या के बराबर वोट का अधिकार होगा।

(ii) अधिनियम की धारा 3 (2-ङ) में निहित प्रावधानों के अध्यधीन वोट देने का हकदार प्रत्येक शेयरधारक जैसा कि ऊपर कहा गया है कम्पनी न होते हुए यदि वैयक्तिक रूप से या परोक्षी द्वारा उपस्थित है अथवा कंपनी होते हुए किसी नियमानुसार प्राधिकृत प्रतिनिधि के जरिये उपस्थित है तो हाथ उठाये जाने की स्थिति में एक वोट तथा पोलिंग की स्थिति में उसके पास मौजूद समस्त शेयरों की संख्या के बराबर वोटो का अधिकार रखेगा जैसा कि उपर्युक्त उप-विनियम (i) में भी उल्लिखित है।

टिप्पणी : इस अध्याय के लिए "कंपनी" का अर्थ है कोई कारपोरेट ।

(iii) बैंक के शेयरधारक जो साधारण बैठक में भाग लेने एवं वोट देने के हकदार हैं, अन्य व्यक्ति (भले ही वह शेयरधारक हो या नहीं) को अपने परोक्षी के बतौर नियुक्त करने तथा अपने बदले वोट देने के लिए नियुक्त कर सकते हैं लेकिन इस प्रकार नियुक्त किया गया कोई परोक्षी बैठक में बोलने का कोई अधिकार नहीं रख सकेगा ।

69. यथाविधि प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा मतदान :—

(i) शेयरधारक यदि केन्द्रीय सरकार या कम्पनी है तो वह संकल्प द्वारा, जैसी भी स्थिति हो, अपने किन्ही अधिकारियों या किसी अन्य व्यक्ति को किसी शेयरधारकों की साधारण बैठक में बतौर अपने प्रतिनिधि के प्राधिकृत कर सकती है तथा इस प्रकार प्राधिकृत किया गया कोई भी व्यक्ति (इन विनियमों में यथाविधि प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उल्लिखित) केन्द्रीय सरकार अथवा कंपनी की ओर से उन शक्तियों का प्रयोग करने का हकदार होगा जिनकी बाबत उसे प्राधिकृत किया गया है तथा जैसे कि वह इलाहाबाद बैंक का एक शेयरधारक हो। इस प्रकार दी गई प्राधिकृति विकल्पत: दो व्यक्तियों के पक्ष में भी हो सकती है तथा ऐसे मामले में उन व्यक्तियों में से कोई एक ही केन्द्रीय सरकार/कम्पनी के यथाविधि प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेगा ।

(ii) इलाहाबाद बैंक के शेयरधारकों की किसी बैठक में कोई व्यक्ति बतौर प्राधिकृत प्रतिनिधि तब तक भाग नहीं ले सकेगा या वोट डाल सकेगा जब तक कि उस बैठक के इस संकल्प को उसके अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि की उक्त व्यक्ति को यथाविधि प्राधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, इलाहाबाद बैंक के प्रधान कार्यालय में बैठक की नियत तिथि से कम से कम चार दिन पहले जमा न कर दी गई हो ।

70. परोक्षी :—

(i) कोई भी परोक्षी लिखत तब तक वैध नहीं होगी जब तक कि एक शेयरधारक के मामले में यह उसके द्वारा या यथाविधि लिखित रूप में प्राधिकृत उसके अटर्नी द्वारा अथवा संयुक्त धारकों के मामले में संबंधित रजिस्टर में प्रथम स्थान पर नामोल्लिखित व्यक्ति या सम्यक रूप से लिखित रूप मे प्राधिकृत उनके अटर्नी द्वारा या किसी निगमित निकाय के मामले में सम्यक रूप में प्राधिकृत उसके अधिकारी अथवा अटर्नी द्वारा हस्ताक्षरित न हो ।

परन्तु यदि किसी कारणवश कोई शेयरधारक अपना नाम लिखने में असमर्थ है तो परोक्षी लिखत पर लगाया गया उसका निशान जो कि किसी न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, बीमा रजिस्ट्रार अथवा उप-रजिस्ट्रार या राजपत्रित सरकारी अधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया हो, शेयरधारक द्वारा पर्याप्त तौर पर हस्ताक्षरित माना जायेगा ।

(ii) कोई भी परोक्षी लिखत तब वैध नहीं होगी जब तक यह सम्यक् रूप से स्टांपयुक्त न हो तथा इसकी एक प्रति यदि वह इलाहाबाद बैंक के पास पहले से ही जमा एवं पंजीकृत नही है तो बैठक की तिथि से कम से कम चार दिन पूर्व मुख्तारनामे अथवा अन्य अटर्नी (यदि कोई हो) सहित जिसके तहत उसे हस्ताक्षरित किया गया है या उस मुख्तारनामे अथवा अन्य अटर्नी को नोटरी पब्लिक अथवा मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि इलाहाबाद बैंक के प्रधान कार्यालय में जमा न करा दी गई हो ।

(iii) कोई भी परोक्षी लिखत फार्म "ख" में होने पर वैध नही होगी ।

(iv) इलाहाबाद बैंक के पास जमा की गई परोक्षी लिखत अप्रतिसंहरणीय एवं अंतिम होगी ।

(v) विकल्पत: दो प्राप्तिकर्ताओं के पक्ष में अनुदत्त परोक्षी के मामले में एक अधिक फार्म निष्पादित नहीं किया जायेगा ।

(vi) इस विनियम के तहत परोक्षी लिखत का अनुदाता उस बैठक में वैयक्तिक तौर पर वोट देने का हकदार नहीं होगा जिससे यह लिखत संबंधित है ।

(vii) ऐसे किसी व्यक्ति को जो कि इलाहाबाद बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी है, सम्यक् प्राधिकृत प्रतिनिधि अथवा परोक्षी नियुक्त नहीं किया जा सकेगा ।

इलाहाबाद बैंक

फार्म "क"

शेयर अंतरण फार्म

(विनियम 17 का उप-विनियम (i) देखें)

निम्नांकित प्रतिफल के निमित्त अधोलिखित अन्तरणकर्ता निम्नांकित शेयर यहां उल्लिखित अन्तरिती (अन्तरितियों) को उन शर्तों के अध्यधीन जिनके तहत वे अन्तरणकर्ता(ओं) के पास मौजूद है अन्तरित करता/करते हैं तथा अन्तरिती उन शेयरों को उपर्युक्त शर्तों के अध्यधीन स्वीकार करने के लिए सहमति व्यक्त करता/करते हैं ।

कम्पनी का पूरा नाम

मान्यताप्राप्त स्टाक एक्सचेंज का नाम तथा व्यवहृत शेयर यदि कोई हो

साधारण शेयरों का विवरण

संख्या अंकों में	संख्या शब्दों में	प्रतिफल (अंकों में)	प्रतिफल (शब्दों में)
सुभिन्न संख्याएं	से तक		

सम्बद्ध प्रमाणपत्र संख्या पंजी० फोलियो

अन्तरणकर्ता (ओं) विक्रेता (ओं) का विवरण पूरा नाम	संख्या	हस्ताक्षर
	1.	1. .....
	2.	2. .....
	3.	3. .....
	4.	4. .....

अनुप्रमाणन

मैं एतद्द्वारा यहां उल्लिखित अंतरणकर्त्ता(ओं) के हस्ताक्षर अनुप्रमाणित करता हूं ।

साक्षी के हस्ताक्षर

हस्ताक्षर

नाम

पता/मोहर

साक्षी का नाम एवं पता

....

.....

.....पिन.....

अन्तरिती (अन्तरितिओं) का/कि पूरा नाम	क्रेताओं का विवरण	हस्ताक्षर
	1.	1. .....
	2.	2. .....
	3.	3. .....

व्यवसाय	पता	पिता/पति का नाम
1.		
2.		
3.		

अन्तरिती (अन्तरितियों) का मौजूदा फोलियो, यदि कोई हो,
नामों के उसी क्रम में .....

लगाये गये स्टांपों का कुल मूल्य
रु० .....

दिनांक : .....

.....स्थान.....

केवल कार्यालय द्वारा प्रयोग के लिए
जांच की गई.....

/फोलियो	/कंपनी कोड
अन्तरिती (अंतरितियों) के नमूना हस्ताक्षर	1. ..... 2. ..... 3. .....

हस्ताक्षरों का मिलान किया गया

अंतरण संख्या : .....

अनुमोदन तिथि : .....

के पंजीयन के बतौर दर्ज किया गया ।

अधिप्रमाणन हेतु अनुदेश

यथोचित अधिप्रमाणन (अंगूठा निशानी, चिह्न, हस्ताक्षर भिन्नता इत्यादि) किसी मजिस्ट्रेट, नोटरी पब्लिक या विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट या लोक पदधारक किसी समान प्राधिकारी जो अपनी कार्यालय मोहर प्रयुक्त करने के लिए प्राधिकृत हो अथवा मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के किसी सदस्य जिसके जरिये शेयर पुनःस्थापित किये गये हैं अथवा अन्तरणकर्ता के बैंक प्रबंधक द्वारा किया जाना चाहिए

नोट : बेहतर होगा कि नामों को एक सीधी रेखा में रख कर रबड मोहर लगाई जाये । कालानुक्रम रखा जाना चाहिए । क्लीयरिंग सदस्य बैंक द्वारा पद सुपुर्दगी की जाती है तो बैंकर की क्लियरिंग संख्या का उल्लेख किया जाना चाहिए ।

सुपुर्दगी देने वाले ब्रोकर या क्लियरिंग सदस्य का नाम	तिथि	मुख्तारनामा/प्रोबेट/मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रशासन-पत्र

कंपनी के पास पंजीकृत
संख्या दिनांक

(हस्ताक्षर) आद्यक्षर नहीं (ब्रोकर, बैंक, कंपनी या स्टॉक एक्सचेंज क्लीयरिंग हाऊस)

दाखिलकर्त्ता.....
पूरा पता.....
.....
.....

शेयर सर्टिफिकेट जिसे वापस किया जाना है (उनका नाम एवं पता भरें जिन्हें सर्टिफिकेट वापस किये जाने हैं)

नाम एवं पता .....
.....
.....,

(शेयर अन्तरण मोहर)

इलाहाबाद बैंक

फार्म "ख"

परोक्षी का फार्म

(विनियम 70 का उप-विनियम) (iii) देखें)

फोलियो सं० ....

(शेयरधारक द्वारा भरा जाये)

मैं/हम.................................निवासी...

जिला..................................राज्य...इलाहाबाद.....

बैंक के शेयरधारक/शेयर धारकों के बतौर एतदद्वारा श्री..

..................................निवासी..........................जिला..............................राज्य...................

को एतदद्वारा अपने/हमारे परोक्षी के बतौर अपनी/हमारी ओर से वोट देने के लिए इलाहाबाद बैंक के शेयरधारकों को दिनांक..... को होने वाली बैठक या उसके स्थगन के लिए नियुक्त करता हूं/करते हैं।

आज दिनांक.....................को हस्ताक्षरित किया गया।

नाम : ....

रसीदी टिकट लगाये

पता : ....

....

....

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

चेन्नई-600 034, दिनांक 28 फरवरी, 2000

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स)

सं० एससीए(8)/(3)/1999-2000/--चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10(1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए गए प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं।

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
01.	005960	श्री वेंकटा रामू एच० एम० मैसर्स एच० एस० वी० रामू एण्ड कं०, गिरीजा, 524/एच 8 क्रोस, 7 ब्लाक वेस्ट, जयानगर, बंगलौर-560082।	25-10-99
02.	014542	श्री पार्थासारथी एम०, 2 सधुल्ला स्ट्रीट टी नगर, चेन्नई-600017।	30-09-99
03.	019459	श्री राजेन्द्रन आर० कन्सटेंटस् कुवेत इन्वेस्टमैंट अथारिटी, पी० ओ० बाक्स 64, साफथ कुवेत।	15-11-99
04.	020541	श्री लेसली डी० मोन्ट ए०, न० 151, 11 स्ट्रीट, सक्रेटरीएट कालोनी, किलपोक, चेन्नई-600010।	21-12-99
05.	027925	श्री विजय कुमार अग्रवाल, रामाचेन्द्रा निलाया, 132/23 3 क्रोस, 15 मैन रोड़, एच० एम० टी० लेआउट मथीकेरे, बंगलौर-560054।	01-12-99

1	2	3	4
06.	028405	श्री आनन्दनारायण एस०, 60 फ्लैट 302 आर० बी० अपार्टमेंट्स, 15 क्रोस 10 मैन मालेश्वरम, बंगलौर-560055।	22-02-99
07.	028958	श्री अशोक ए०, 12 डा० नायर रोड, टी० नगर, चेन्नई-600017।	11-10-99
08.	029048	मिस उषा नारायन, 15 केसनर फार्म ड्राईव 276, नासुआ एन० एच० 03063, यू० एस० ए०।	05-11-99
09.	201400	श्री वकेटा सुब्रामन्या, दारा प्रसाद बी० एच०, 23-13-20 तंदनकीवाडी स्ट्रीट, सत्यनारायणापुरम, विजयवाडा-520011।	03-09-99
10.	204740	मिस भानूमती एस०, केयर आफ के० श्रीधरन, एचजेएम कनसलटींग आईएनसी, 11 पेन प्लाजा, न्यूयार्क-10001, यू० एस० ए०।	07-09-99
11.	204951	श्री कन्नन ए०, बी-1 नारायणी अपार्टमेंटस, रमेश नगर एक्सटेंसन, एम० बी० कालोनी, वालमरवक्कम, चेन्नई-600087।	06-10-99
12.	205951	श्री रवि बातुला, 32-9-6, अपोजिट कूरेट मैस, मोघलराजा पुरम, विजयवाडा-520010।	11-12-99
13.	206050	श्रीलक्ष्मीनरासिम्हन पी०, इन्टरनल आडिट डिपार्टमेंट, ऐटा एसकोन ग्रुप, पोस्ट बाक्स 5239, दुबई, यू० ए० ई०।	01-06-99
14.	206260	श्री जयन के० डी०, स्टाफ एकाउन्टेन्ट, ह्वीनी मरे एण्ड क०, पोस्ट बाक्स 1994, जेद्दाह-21441, के० एस० ए०।	01-11-99
15.	207535	मिस कीर्थना के० एस०, वेंकटाद्री न० 565, 4 क्रोस 7 मैन, एचएमटी लेआउट, गंगानगर, बंगलौर-560032।	23-07-99
16.	208684	श्री कोचपन ए० के०, चीफ एकाउन्टेन्ट, जेनन फाइबर ग्लास, पी० ओ० बाक्स नं० 29055, मानामा, बहरेन।	15-11-99

अशोक हलिदया
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 3 मार्च, 2000

सं० यू०-16/53 पी० टी० एम० आर० कर्नाटक/99-वि० 2-कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024 (जी) दिनांक 23-5-1983 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा डा० अम्पन्ना को मानकों के अनुसार देय पारिश्रमिक पर कार्यग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष के लिए या पूर्णकालिक चिकित्सा निदेशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पूर्व हो, को कर्नाटक क्षेत्र में टुमकुर जिले के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूं।

(डा०) (श्रीमती) एस० सिंह
चिकित्सा आयुक्त

वास्तुकला परिषद्

31 मार्च, 1999 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट

वास्तुकला परिषद् की स्थापना भारतीय गणराज्य के तेईसवे वर्ष में संसद् द्वारा अधिनियमित वास्तुविद् अधिनियम, 1972 (1972 की सं० 20) की धारा 3 के अधीन की गई थी। अधिनियम में वास्तुविदों के पंजीकरण तथा उससे संबंधित मामलों की व्यवस्था की गई है। इसमें वास्तुकला शिक्षा तथा वास्तुकला व्यवसाय का नियमन भी शामिल है। यह अधिनियम पहली सितम्बर, 1972 से सम्पूर्ण भारत में लागू है। उक्त अधिनियम के उपबन्धों को लागू करने के लिए, केन्द्रीय सरकार ने वास्तुकला परिषद् नियम, 1973 तैयार किए। केन्द्रीय सरकार ने प्रथम परिषद् का गठन 31 दिसम्बर, 1973 को किया।

उक्त अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, परिषद् ने केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से निम्नलिखित विनियम बनाए :—

1. वास्तुकला विनियम, 1982
2. वास्तुविद (व्यावसायिक आचरण) विनियम, 1989
3. वास्तुकला परिषद् (वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 1995 (केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन की प्रतीक्षा है)।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, परिषद् ने व्यापक वास्तुकला सेवाओं और शहरी डिजाइन कार्य के लिए करार की शर्तें तथा पारिश्रमिक के मानक स्केल, वास्तुकला प्रतियोगिता मार्गदर्शी सिद्धांत, वास्तुकला शिक्षा के लक्ष्य और वास्तुकला विद्यालयों के संकाय-सदस्यों के लिए परामर्श प्रक्टिस के मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार किए हैं।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (1987 की सं० 52) के बनाए जाने के बाद, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् और वास्तुकला परिषद् ने वर्ष 1992 में एक समझौता किया जिसका उद्देश्य देश में वास्तुकला के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आपस में पूर्ण सहयोग से कार्य करना था। इस प्रयोजन के लिए अखिल भारतीय तकनीकी परिषद् ने एक अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड का गठन किया है। वास्तुकला परिषद् के प्रेसीडेंट इसके अध्यक्ष हैं।

वास्तुकला परिषद्

	सदस्य
क. भारतीय वास्तुविद् संस्थान द्वारा अपने सदस्यों में से निर्वाचित किए गए मान्यता प्राप्त अर्हताएं रखने वाले पांच वास्तुविद्	: 1. श्री माधव जी० देवभक्त। : 2. श्री प्रेमेंद्र राज मेहता। : 3. श्री एम० एल० चिताले। : 4. श्री आर० एल० सुतारिया। : 5. श्री के० बी० महाराव।
ख. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा नामित दो व्यक्ति	: 6. श्रीमती के० राजलक्ष्मी। : 7. नामन की प्रतीक्षा है।
ग. मान्यताप्राप्त अर्हताओं के लिए पूर्णकालिक शिक्षा प्रदान करने वाले भारत के वास्तुकला संस्थानों के अध्यक्षों में से निर्वाचित किए गए पांच व्यक्ति	: 8. प्रो० गुरुनाथ वी० डाल्वी। : 9. प्रो० एस० ए० टुंगारे। : 10. प्रो० पी० पी० अम्बरकर। : 11. प्रो० जितेंद्र सिंह। : 12. एक रिक्त।
घ. केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों में मुख्य वास्तुविद् तथा वास्तुकला-संगठनों के अध्यक्ष, पदेन	
रक्षा मंत्रालय	: 13. श्री बी० के० राजदान।
रेल मंत्रालय	: 14. नामन की प्रतीक्षा है।
केंद्रीय लोकनिर्माण विभाग	: 15. श्री आई० डी० रस्तोगी।
ङ. केंद्रीय सरकार द्वारा नामित एक व्यक्ति	: 16. प्रो० डी० पी० अग्रवाल।

च. राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य से नामित एक वास्तुविद् ।

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह संघ राज्य क्षेत्र	: 17. श्री एस० पी० पाल । (17-6-1998 तक) : श्री बी० जयहरि : (18-6-1998 से)
आंध्र प्रदेश सरकार	18. श्री के० रघुनंदन ।
अरुणाचल प्रदेश की सरकार	: 19. श्री एस० सेनगुप्ता ।
असम सरकार	: 20. श्रीमती अनिता दत्ता ।
बिहार सरकार	: 21. श्री रामजी प्रसाद ।
चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र	: 22. श्री एस० के० मिढा ।
दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र	23 नामन की प्रतीक्षा है ।
दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र	: 24. नामन की प्रतीक्षा है ।
दिल्ली सरकार	25. श्री ए० के० पाठक ।
गोवा सरकार	: 26. श्री एस० एन० पिस्सुरलेंकर । (30 मई 1998 तक) (नामन की प्रतीक्षा है)
गुजरात सरकार	27 श्री एस० ए० वर्मा ।
हरियाणा सरकार	28. श्री एम० सी० ठुकराल ।
हिमाचल प्रदेश सरकार	29. श्री बी० पी० मल्होत्रा ।
जम्मू और कश्मीर सरकार	30. श्री हेमंत कुमार मंगोत्रा ।
कर्नाटक सरकार	: 31. श्री एस० एन० किरण शंकर । (9-11-1998 तक) श्री के० उदय । (10-11-1998 से)
केरल सरकार	32. श्री जी० तंकप्पन ।
लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र	: 33. प्रो० एम० बी० सक्सेना ।
मध्य प्रदेश सरकार	: 34. श्री डब्ल्यू० एस० तौले ।
महाराष्ट्र सरकार	35. श्री वी० आर० अत्रे ।
मणिपुर सरकार	: 36. नामन की प्रतीक्षा है ।
मेघालय सरकार	: 37. श्री जी० सी० आर० मरक ।
मिजोरम सरकार	: 38. श्री ए० के० घोष ।
नागालैंड सरकार	: 39. श्री एम० जंगो ।
उड़ीसा सरकार	: 40. श्री गोकुल दास ।
पांडिचेरी सरकार	: 41. श्री वाई० गोपालकृष्णन् ।
पंजाब सरकार	: 42 श्री पी० आर० नूथरा ।
राजस्थान सरकार	43. श्री ए० के० भार्गव ।
सिक्किम सरकार	44. श्री जे० बी० सुभा ।
तमिलनाडु सरकार	: 45 श्री एम० सनानम । (3-8-1998 तक) श्री वी० एस० गुप्तन । (4-8-1998 से)

	त्रिपुरा सरकार	: 46. तपन कुमार हारी ।
	उत्तर प्रदेश सरकार	: 47 श्री ए० पी० त्यागी ।
	पश्चिम बंगाल सरकार	: 48. श्री कल्याण दासगुप्ता ।
छ	इन्स्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा अपने सदस्यों में से नामित किए गए दो व्यक्ति	: 49 श्री जी० पी० लाल ।
		: 50. श्री एन० डी० पटेल ।
ज.	भारतीय सर्वेक्षक संस्था द्वारा अपने सदस्यो में से नामित किया गया एक व्यक्ति	: 51. श्री के० एम० खर्बे ।

वास्तुकला परिषद् के अधिकारी

श्री विनोद कुमार	:	रजिस्ट्रार-सचिव ।
श्री के० गोपाल कृष्ण भट	:	प्रशासनिक अधिकारी ।

पदाधिकारी

अध्यक्ष	:	श्री प्रेमेंद्र राज मेहता ।
उपाध्यक्ष	:	प्रो० गुरुनाथ वी० डाल्वी ।

कार्यकारिणी समिति

अध्यक्ष	:	श्री प्रेमेंद्र राज मेहता ।
उपाध्यक्ष	:	प्रो० गुरुनाथ वी० डाल्वी ।
सदस्य	:	प्रो० एस० ए० टुंगारे ।
	:	प्रो० बी० पी० मल्होत्रा ।
	:	श्रीमती के० राजलक्ष्मी ।
	:	श्री के० बी० मोहपात्र ।
	:	श्री ए० पी० त्यागी । (11-9-1998 से)

अनुशासनिक समिति

अध्यक्ष	:	श्री वी० के० राजदान ।
सदस्य	:	श्री एम० एल० चितले ।
	:	श्रीमती के० राजलक्ष्मी ।

सलाहकार समिति (अपील)

अध्यक्ष	:	प्रो० गुरुनाथ वी० डाल्वी ।
सदस्य	:	श्री जी० पी० लाल ।
	:	श्री के० एम० खर्बे ।

1. प्रस्तावना

वास्तुकला परिषद वास्तुविद् अधिनियम, 1972 की धारा 13 (5) की आपेक्षाओं के अनुसार 31 मार्च, 1999 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट तथा परीक्षित लेखा विवरण प्रस्तुत करती है ।

वास्तुकला परिषद् को वास्तुविदों का पंजीकरण करने के अलावा, अन्य कार्यों के साथ साथ ये महत्वपूर्ण कार्य करने होंगे, यथा-वास्तुकला शिक्षा तथा प्रैक्टिस को नियमित करना और उसका उत्थान करना वास्तुविद् अधिनियम के उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए वास्तुकला परिषद् ने आलोच्य वर्ष के दौरान नई पहल शुरू की है यथा-सेवागत/प्रैक्टिस कर रहे वास्तुविदों के लिए अनुवर्ती शिक्षा कार्यक्रम (सी०ई०पी०) तथा वास्तुकला शिक्षकों के लिए गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (क्यू०आई०पी०) शुरू करना ताकि वे उन सभी परिवर्तनों से अवगत हो सकें जो वर्तमान में हो रहे हैं । इसके परिणामस्वरूप, सेवागत वास्तुविदों के लिए दो अनुवर्ती शिक्षा कार्यक्रम तथा शिक्षकों के लिए वास्तुकला में एक गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसके अतिरिक्त, परिषद् ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (ए०आई०सी०टी०ई०) के अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड के सहयोग से

"भारत में वास्तुकला शिक्षा की स्थिति तथा भविष्य" पर छह कार्यशालाएं भी आयोजित कीं । आलोच्य वर्ष के दौरान एक "रिट्रोस्पेक्टिव एग्जीहीविशन" आयोजित करने की एक और विशेष घटना घटित हुई जिसमें भारतीय वास्तुकला और योजना के 50 वर्षों की विशेषताएं दिखाई गई। इसके अतिरिक्त, निर्माण पर्यावरण तथा संबद्ध व्यावसायिक निकायों और योजना और वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली से संबंधित सरकारी संगठनों के सहयोग से "वास्तुकला तथा नगर योजना प्रैक्टिस और शिक्षा पर एक परिप्रेक्ष्य 2050" पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई ।

वर्ष के दौरान वास्तुकला परिषद् द्वारा किए गए सभी कार्यों का क्रमिक विवरण नीचे दिया जा रहा है :—

2. सांविधिक बैठकें

(i) वास्तुकला परिषद्

वास्तुविद् अधिनियम की धारा 9 (1) के अधीन छह महीने में कम से कम एक बार परिषद् की बैठक अवश्य होगी जिसमें वह अपना कामकाज करेगी, जैसा कि विनियम यथा—वास्तुकला परिषद् विनियम, 1982 में विहित किया गया है । वर्ष के दौरान दिल्ली में 11-9-1998 को वास्तुकला परिषद् की एक बार बैठक हुई ।

बैठक में वास्तुकला परिषद् ने निम्नलिखित के संदर्भ में उक्त अधिनियम के कार्यान्वयन के संबंध में की गई प्रगति की समीक्षा की— वास्तुविदों का पंजीकरण वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम स्तरों से संबंधित विनियम निर्धारित करना, वास्तुविदों का व्यावसायिक आचरण, वास्तुकला परिषद् के नियम तथा वास्तुकला व्यवसाय तथा वास्तुकला शिक्षा के उन्नयन की उपलब्धियां ।

बैठक में परिषद् ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियो के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों का अनुमोदन किया और उन्हें केन्द्रीय सरकार के अनुमोदनार्थ अग्रेषित किया ताकि उन्हें कार्यान्वित किया जा सके । इस बैठक में परिषद् ने अपने कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष तक बढ़ाने का निर्णय लिया ताकि उसे केन्द्रीय कर्मचारियों की सेवा-निवृत्ति आयु के समान किया जा सके । परिषद् ने 31 मार्च, 1998 को समाप्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट तथा परीक्षित लेखा-विवरण का भी अनुमोदन किया ।

उक्त बैठक में वास्तुविद् अधिनियम, 1972 के अनुसार जनसाधारण/सरकारी एजेंसियों/वास्तुविदों से पंजीकृत वास्तु-विदों के विरुद्ध शिकायतों तथा उनसे संबद्ध अन्य मामलों के संबंध में कुल चार संकल्प पारित किए गए । इस बैठक के बाद "भारत में वास्तुकला शिक्षा तथा भविष्य" पर एक विचारावेश सत्र आयोजित किया गया ।

(i) कार्यकारिणी समिति

वास्तुविद् अधिनियम की धारा 10(5) के अधीन कार्यकारिणी समिति को उन शक्तियों का प्रयोग तथा उन कर्त्तव्यों का निर्वाह करना होगा जो विनियमों यथा—वास्तुकला परिषद् विनियम, 1982 द्वारा निर्धारित किए गए हैं । विनियम 21(1) के अनुसार कार्यकारिणी समिति परिषद् की कार्यकारी प्राधिकारी होगी और परिषद् के संकल्प तथा निर्णय को लागू करने के लिए जिम्मेदार होगी कार्यकारिणी समिति को उन शक्तियों का प्रयोग करना होगा जो विनियम 21(2) में निर्धारित की गई हैं ।

वर्ष के दौरान कार्यकारिणी समिति की दो बैठकें 10/11 सित० 1998 और मार्च, 1999 को हुईं । पहली बैठक में कार्यकारिणी समिति ने उस समझौता ज्ञापन का उल्लेख किया जो एक वास्तुविद् पुस्तिका तथा डाइ-रेक्टरी 1998 के प्रकाशन के लिए वास्तुकला परिषद् तथा मै० स्पेंटा मल्टीमीडिया लि०, मुंबई के साथ किया जा रहा था । कार्यकारिणी समिति ने अपने अध्यक्ष को इस कार्य के लिए भी प्राधिकृत किया कि वे कार्यकारिणी समिति द्वारा अंतिम रूप दिए गए विशेषज्ञ-पैनल के बाहर से निरीक्षकों की नियुक्ति कर सकते हैं। कार्यकारिणी समिति ने परिषद् से यह सिफारिश करने का भी निर्णय लिया कि वह सुशांत स्कूल आफ आर्ट एंड आर्कीटेक्चर, हरियाणा और टी० वी० वो स्कूल आफ हैबीटेट, स्टडीज, नई दिल्ली का निरीक्षण करने के लिये एक तथ्य अन्वेषक समिति भेज सकती है जिसका उद्देश्य केन्द्रीय सरकार और/या 'अभातशिप' (ए० आई० सी० टी० ई) के अधीन संस्था स्थापित करने से सम्बन्धित शर्तों तथा ए० आई० सी० टी० ई० और वास्तुकला परिषद् के मानकों/मार्गदर्शी सिद्धांतों/विनियमों का पालन किये जाने से संबन्धित अनुपालन कार्य की समीक्षा करना हो। समिति ने यह भी उल्लेख किया कि मुम्बई, कलकत्ता, नागपुर, अहमदाबाद और दिल्ली में वास्तुकला शिक्षा पर अनेक कार्य-शालायें आयोजित की गई है। समिति ने वास्तुकला शिक्षा तथा विभिन्न ग्रुपों के गठन के सम्बन्ध में आयोजित की गई अनेक कार्यशालाओं की कार्यवाही तैयार करने के लिये एक कार्ययोजना तैयार की ताकि समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किये जाने से पहले वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानकों पर एक बृहत् दस्तावेज तैयार किया जा सके।

10 मार्च, 1999 को आयोजित एक दूसरी बैठक में कार्यकारिणी समिति ने यह नोट किया कि आलोच्य वर्ष के दौरान वास्तुकला परिषद् ने सेवारत वास्तुविदों के लिये अनु-वर्ती शिक्षा कार्यक्रम तथा शिक्षकों के लिये गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम शुरू किए गये हैं। समिति ने यह भी कहा कि पूर्व-स्नातक स्तर पर विशेषज्ञता की आवश्यकता है। अंदरूनी डिजाइन में विशेषज्ञता सहित वास्तुकला, शहरी डिजाइन, भू-दृश्य वास्तुकला तथा आवास में नए पूर्व-स्नातक पाठ्यक्रमों पर विचार किया गया। कार्यकारिणी समिति ने वास्तुविद् के व्यावसायिक उत्तरदायित्वों पर विचार-विमर्श किया और किसी वकील से यह जांच करने के लिये कानूनी राय मांगी कि जिस वास्तुविद् ने बिल्डिंग का डिजाइन तैयार किया है और उसका पर्यवेक्षण किया है उसका कब्जा सौंपने के बाद

उसकी क्या जिम्मेदारियां होंगी। कार्यकारिणी समिति ने सुशांत स्कूल आफ आर्ट एण्ड आर्कीटेक्चर, गुड़गांव (हरियाणा) और टी० वी० बी० स्कूल आफ हैबीटेट स्टडीज, नई दिल्ली के सम्बंध में नियुक्त की गई तथ्य अन्वेषक समिति की रिपोर्टों पर विचार किया और परिषद् के विचारार्थ सिफारिशें कीं। कार्यकारिणी समिति ने परिषद् में अनुसंधान एसोसियेट के पद पर श्री मनीष मांधर, अवर श्रेणी लिपिक के पद पर श्री मनोज शर्मा और अवर श्रेणी लिपिक के पद पर श्री मुरारी लाल भट्ट की नियुक्ति का अनुमोदन किया। वास्तुविद अधिनियम, 1972 की धारा 25 के उपबंधों की दृष्टि से समिति ने वास्तुकला परिषद् के रजिस्ट्रार को यह निदेश भी दिया कि वे केवल उन्ही व्यक्तियों के प्रमाण-पत्र पंजीकरण का नवीकरण करें जो भारत में या तो निवास कर रहे हैं या प्रैक्टिस कर रहे हैं और इसका आधार आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये गए प्रमाण या परिषद् में पहले से उपलब्ध रिकार्ड होना चाहिये। कार्यकारिणी समिति ने उपदान अदायगी अधिनियम, 1972 के अधीन निर्धारित की गई अधिकतम सीमा (वर्तमान अधिकतम सीमा रु० 3.50 लाख)—समय-समय पर निर्धारित वर्धित सीमा को निगमित करने के लिये भारतीय जीवनबीमा निगम में वास्तुकला परिषद् कर्मचारी समूह उपदान योजना में किए गए संशोधन के संदर्भ में अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिये उपदान की अधिकतम सीमा निर्धारित की और तदनुसार जैसी कि जीवन बीमा निगम ने सलाह दी थी, वास्तुकला परिषद तथा वास्तुकला परिषद कर्मचारी समूह उपदान योजना के न्यासियों के बीच एक फेरफार-विलेख निष्पादित किया जायेगा जिसे जीवन बीमा निगम को प्रस्तुत किया जायेगा।

कार्यकारिणी समिति ने परिषद से यह सिफारिश भी कि प्रकाशक की कीमत पर वास्तुकला परिषद की मासिक पत्रिका को प्रकाशित करने के लिए वास्तुकला परिषद और मैसर्स स्पेंटा मल्टीमीडिया के बीच हस्ताक्षरित किये जाने के लिए मौजूदा करार का अनुमोदन किया जाये।

विभिन्न मामलों यथा नियुक्तियों, वास्तुकला, व्यवसाय तथा वास्तुविद अधिनियम, 1972 से सम्बन्धित मामलों पर कुल 9 संकल्प पारित किये गये।

3. समितियों की रिपोर्ट

(परिषद द्वारा गठित)

(i) अनुशासनिक समिति

वास्तुकला परिषद नियमावली, 1973 के नियम 35(1) के अधीन परिषद द्वारा गठित की गई एक प्रशासनिक समिति वास्तुविदों के विरुद्ध की गई सभी शिकायतों और उनके कदाचार के सम्बन्ध में जांच करेगी।

आलोच्य वर्ष के दौरान परिषद् को वास्तुविदों के कथित व्यावसायिक कदाचार के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई। परिषद् ने शिकायतों को विषय-वस्तु तथा प्रतिवादियों द्वारा अपने बचाव में प्रस्तुत किए गए बयान की जाँच करने के बाद प्रशासनिक समिति की विस्तृत जाँच तथा सिफारिशों के लिए 17 मामले अग्रेषित किए।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अनुशासनिक समिति की दो बैठकें हुई—एक वास्तुकला परिषद् के कार्यालय में 21 मई, 1998 को और दूसरी 9 मार्च, 1999, को। इसने 7 मामलों की व्यक्तिगत सुनवाई की और परिषद् के विचारार्थ अपनी अंतिम रिपोर्ट दी। फिलहाल केवल एक मामला अनुशासनिक समिति में निलम्बित है।

(ii) सलाहकार समिति (अपील)

वास्तुविद् अधिनियम, 1972 की धारा 10(1) के अधीन परिषद् सामान्य तथा विशेष प्रयोजनों के लिए ऐसी समितियों का गठन कर सकती है जिन्हें वह अधिनियम के अधीन अपना कार्य करने के लिए आवश्यक समझती हो। परिषद् ने उन आवेदकों अपील सुनने के लिए एक सलाहकार समिति (अपील) गठित की है जिनका कि एक वास्तुविद् के रूप मे पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र को रजिस्ट्रार द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है।

आठ व्यक्तियों ने अपने पंजीकरण के आवेदन अस्वीकार किए जाने के परिणामस्वरूप सलाहार समिति (अपील) के समक्ष अपील दायर की। समिति ने नई दिल्ली में 11 मार्च, 1999 को नई दिल्ली में अपीलों की सुनवाई की और परिषद् को अपनी सिफारिशें कीं।

4. वास्तुविदों का पंजीकरण

परिषद् वास्तुविद् अधिनियम की धारा 25 के अधीन वास्तुविद् के रुप में ऐसे व्यक्तियों का पंजीकरण करती है जो भारत में रहता हो और वास्तुविद् के रूप में काम करता हो और उसके पास वास्तुकला में संबंधित मान्यता प्राप्त अर्हता हो।

(i) नया पंजीकरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परिषद् ने 1546 वास्तुविदों का पंजीकरण किया है। 31-3-99 तक वास्तुकला परिषद् में 24357 वास्तुविद् पंजीकृत किए गए हैं और जनके नाम वास्तुविद् रजिस्टर में दर्ज कर दिए गए हैं।

(ii) वास्तुविद् रजिस्टर से नाम हटाना

ज वास्तुविद् अधिनियम की धारा 29 (1) के अधीन परिषद् पंजीकृत वास्तुविद् के अनुरोध पर या पंजीकृत वास्तुविद् का निधन होने पर रजिस्टर से वास्तुविद् का नाम हटा देती है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस धारा के उपबंधों के अधीन 6 वास्तुविदों के नाम हटाए गए।

(iii) वास्तुविद् रजिस्टर में नाम पुनः दर्ज करना।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परिषद् ने 1371 वास्तुविदों के नाम उनके द्वारा अनुरोध करने तथा अपेक्षित फीस जमा करने पर वास्तुविद् रजिस्टर में पुनः दर्ज किए।

5. वास्तुकला शिक्षा

(i) वास्तुकला विद्यालयों का निरीक्षण

वास्तुविद् अधिनियम की धारा 21 की अपेक्षाओं के अनुसार परिषद् ने वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम स्तरों के संबंध में

विनियम निर्धारित किए हैं । भारत में वास्तुकला शिक्षा प्रदान करने वाली सस्थाओं को इन विनियमों का पालन करना होगा । वास्तुकला परिषद् विनियावली, 1982 के विनियम 29 (1) के अधीन परिषद् को प्रत्येक संस्था का निरीक्षण करना होगा ।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परिषद् ने वास्तुकला के 8 विद्यालयों/वास्तुकला विभागों का निरीक्षण किया । परिषद् की कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित निरीक्षकों की रिपोर्ट संबंधित संस्थाओं को अग्रेषित कर दी गई है ताकि वे निरीक्षकों द्वारा सुझाए गए सुधारों को कार्यान्वित कर सकें ।

(i) अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड

भारत में वास्तुकला शिक्षा का हित बढ़ाने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (ए०आई०सी०टी०ई०) तथा वास्तुकला परिषद् के बीच हस्ताक्षर किए गए एक समझौता ज्ञापन का अनुसरण करते हुए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (ए आई सी टी ई) ने एक अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड (ए आई बी ए ई) का गठन किया है । वास्तुकला परिषद् के चेयरमैन इस बोर्ड के अध्यक्ष है और वास्तुकला परिषद् के रजिस्ट्रार इसके सदस्य-सचिव है । अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड वास्तुकला परिषद् के कार्यालय से अपना कार्य संचालित करता है । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड की दो बैठकें हुई । वर्ष 1998–99 के दौरान अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड की गतिविधियां इस प्रकार हैं :—

(क) वास्तुकला कार्यक्रम में पार्श्विक प्रवेश

बोर्ड द्वारा गठित की गई उप-समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर बोर्ड ने विचार किया । विस्तृत चर्चा के बाद बोर्ड ने निम्नलिखित मुद्दों पर उप-समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर सहमति व्यक्त की :—

(i) अकादमिक उन्नति हेतु डिप्लोमाधारको के लिए अवसर पैदा किए जाने चाहिए । इसमें योग्यता के आधार पर बी० आर्की० के द्वितीय वर्ष में पार्श्विक प्रवेश भी शामिल है ।

(ii) डिप्लोमा-धारकों ने डिप्लोमा पाठ्यक्रम के दौरान जो कुछ पहले ही सीख रखा है, उसे महत्व दिया जाना चाहिए और यदि आवश्यक हो तो बी० आर्की० पाठ्यक्रम के दौरान कमीपूरक पाठ्यक्रम संचालित किया जाना चाहिए ।

बहरहाल, उपयुक्त सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए बोर्ड ने इच्छा व्यक्त की कि उप-समिति द्वारा आगे और अध्ययन किया जाना चाहिए ताकि बोर्ड के विचारार्थ सिफारिशें की जा सकें ।

(ख) वास्तुकला विद्यालय स्थापित करने से संबंधित प्रस्तावों का मूल्यांकन

अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड की सिफारिश पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ने ए पी जे प्रौद्योगिकी संस्थान, नौएडा तथा इंटेग्रल प्रौद्योगिकी संस्थान लखनऊ में वास्तुकला मे पूर्व-स्नातक कार्यक्रम शुरु करने के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया था । लेकिन ये संस्थाएं शैक्षिक सत्र 1998–99 के दौरान पाठ्यक्रम संचालित नहीं कर सकीं और उन्होंने और समय बढ़ाये जाने के लिए आवेदन किया जिसकी सिफारिश भी बोर्ड ने कर दी थी ।

बोर्ड ने आर ई सी, कालीकट से प्राप्त एक प्रस्ताव पर "अभातशिप" (ए आई सी टी ई) से यह सिफारिश की थी कि वर्तमान बी० टेक० (वास्तुकला इंजीनियरी कार्यक्रम) को 5 वर्षीय बी० आर्की० कार्यक्रम में बदल दिया जाए । बोर्ड ने अभातशिप" (ए आई सी टी ई) से यह सिफारिश भी की कि वह वार्षिक 40 छात्र दाखिला सहित शैक्षिक सत्र 1999-2000 से एम ई एस कालेज आफ इंजीनियरिंग, कुट्टीपुरम में पूर्व-स्नातक स्तर (बी० आर्की०) में वास्तुकला शिक्षा प्रदान करने का अनुमोदन प्रदान कर दें । बोर्ड ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् से यह भी सिफारिश की कि वह योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, जे एन टी यू, हैदराबाद में वास्तुकला संरक्षण तथा अंदरूनी डिजाइन में एम० आर्की० पाठ्यक्रम शुरु करे ।

बोर्ड ने यह निर्णय भी लिया कि वास्तुकला के सहयोग से एक संयुक्त समिति गठित की जाए जिसका उद्देश्य यह सिद्ध करना हो कि देश में नए विद्यालय स्थापित करने और नए प्रस्तावों पर विचार करने हेतु उससे संबंधित नीति तैयार करने की आवश्यकता है । यह समिति इस संबंध में भी विचार कर सकती है कि वास्तुकला सहायक पाठ्यक्रम को 5 वर्षीय बी०आर्की० पाठ्यक्रम में बदलते हुए कुछ पालिटेकनिकों का उन्नयन किया जाए ।

(ग) तकनीशियन शिक्षा का सुधार

बोर्ड ने वास्तुकला में तकनीशियन शिक्षा का सुधार करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के लिए एक समिति गठित की है ताकि डिप्लोमा धारकों को व्यवसाय में उपयुक्त नौकरी मिल सके और अंशकालिक पाठ्यक्रम पूरा करते हुए (जैसी कि कुछ संस्थाओं और इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी में पहले यह प्रथा चलिप्रत थी) अपने अकादमिक कैरियर को उन्नत करने के अवसर प्राप्त हो सकें ।

(घ) नई सस्थाओं के निष्पादन और साधनों की समीक्षा तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद/वास्तुकला परिषद् के अनुमोदन का बढ़ाया जाना ।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड द्वारा गठित की गई विशेषज्ञ समिति ने 21 संस्थाओं का निरीक्षण किया । ए आई बी ए ई की सिफारिशों पर इन संस्थाओं के लिए अनुमोदन की अवधि और आगे बढ़ा दी गई ।

(iii) वास्तुकला सम्बंधी अर्हताओं की मान्यता

अधिनियम की धारा 14(2) तथा 15 के अधीन परिषद् को भारत तथा विदेश में प्राधिकारियों द्वारा प्रदत्त अर्हताओं को मान्यता प्रदान करने के लिये केंद्रीय सरकार को सिफारिशें करनी पड़ती हैं । ताजिक टेक्नीकल यूनिवर्सिटी, दुशानबे (ताजिकिस्तान, यू० एस० एस० आर० में प्रत्यारित विश्व-

विद्यालय) द्वारा प्रदत्त वास्तुकला में डिप्लोमा/मास्टर आफ साइंस को अधिनियम के संगत अर्हताओं की अनुसूची में जोड़ दिया गया है और उसे वास्तुविद अधिनियम, 1972 के अधीन वास्तुविद के रूप में रजिस्ट्रीकरण के प्रयोजनों के लिये मान्यताप्राप्त अर्हता माना जाएगा ।

(iv) वास्तुकला शिक्षा की स्थिति और भविष्य

वास्तुकला परिषद ने ए० आई० सी० टी० ई० के अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड के सहयोग से भारत में वास्तुकला शिक्षा की स्थिति और भविष्य पर छह कार्यशालायें आयोजित कीं। अध्यक्ष ने उनमें से प्रत्येक कार्यशाला के उद्घाटन-सत्र में मुख्य भाषण दिया और मानव पर्यावास का सुधार करने में वास्तुकला शिक्षा की भूमिका का उल्लेख किया ।

परिषद के अनुरोध पर आई० आई० ए०/वास्तुकला विद्यालय की निम्नलिखित शाखाओं ने वास्तुकला शिक्षा की स्थिति और भविष्य पर कार्यशालायें आयोजित की हैं :—

कार्यशाला की तारीख	स्थान	मेजबान
24–10–1998	कलकत्ता	पश्चिम बंगाल, शाखा, आई० आई० ए० और वास्तुकला विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय, कलकत्ता ।
6–11–1998	मुम्बई	आई० आई० ए० का ब्रिहन सेंटर और रिजवी कालेज आफ आर्कीटेक्चर मुम्बई
29–11–1998	नागपुर	आई० आई० ए० का नागपुर सेंटर तथा प्रियदर्शनी इंजीनियरिंग तथा वस्तुकला कालेज, नागपुर ।
5–12–1998	बंगलौर	आई० आई० ए० की कर्नाटक शाखा और आर०वी० इंजीनियरिंग कालेज, बंगलौर
18–12–1998 और 19–12–1998	अहमदाबाद	आई० आई० ए० की गुजरात शाखा सी० ई० पी० टी० अहमदाबाद
21–12–1998	दिल्ली	आई० आई० ए० की उत्तरी शाखा तथा योजना और वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली ।

इन कार्यशालाओं की सिफारिशों को संकलित किया जा रहा है और वास्तुकला परिषद के न्यूनतम मानकों पर एक दस्तावेज तैयार करने के लिये अध्ययन समूह गठित किये गये हैं।

(v) गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम

परिषद् ने वर्ष के दौरान भारत में वास्तुकला विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों तथा वर्तमान संकाय सदस्यों के लिये दो गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम शुरू किये हैं । पहला कार्यक्रम योजना और वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली में 25 मई, और 6 जून 1998 के बीच आयोजित किया गया और दूसरा कार्यक्रम भारतीय वास्तुविद् संस्थान की कर्नाटक शाखा के सहयोग से आर० वी० इंजीनियरिंग कालेज, बंगलौर में 1 मार्च से 12 मार्च, 1999 के बीच आयोजित किया गया। 2 सप्ताह की अल्पकालिक पाठ्यक्रम की अनुक्रिया उत्साहवर्धक रही ।

वास्तुकला परिषद् की सिफारिश पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम की स्थायी समिति ने गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम केन्द्रों के रूप में एक नोडल केन्द्र (योजना और वास्तुकला विद्यालय) और दो उप-केन्द्रों (वास्तुकला और योजना विद्यालय, चैन्नई तथा योजना और वास्तुकला विद्यालय, हैदराबाद) की स्थापना की है ।

(vi) अनुवर्ती शिक्षा कार्यक्रम

परिषद् ने सेवारत वास्तुविदों के लिए एक अनुवर्ती शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया है । 14 दिसम्बर, से 18 दिसम्बर 1998 के बीच योजना और वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली में एक सप्ताह का पाठ्यक्रम संचालित किया गया । इस कार्यक्रम की अनुक्रिया उत्साहवर्धक थी ।

(vii) अभिक्षमता परीक्षा

जैसाकि निदेशक, तकनीकी शिक्षा, दिल्ली सरकार ने प्राधिकृत किया है, परिषद् ने वास्तुकला में पांच वर्षीय कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश हेतु सम्मिलित वास्तुकला प्रवेश परीक्षा—1998 संचालित की : टी० वी० बी०, स्कूल आफ हैबीटेट स्टडीज, नई दिल्ली तथा वास्तुकला अकादमी, वास्तुकला तथा अंदरुनी डिजाइनिंग विद्यालय, नई दिल्ली । इसके अतिरिक्त, परिषद् ने वास्तुकला में पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष मे दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा (अभिक्षमता परीक्षा) के संचालन में अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से पंजाब, मणिपुर तथा तमिलनाडु सरकार की सहायता भी की ।

6. वास्तुकला प्रैक्टिस

(i) मध्यस्थों की नियुक्ति :

वास्तुविदों और उनके ग्राहकों (क्लाएंटों) के बीच ऐसे करार के आधार पर उत्पन्न हुए विवादो का निपटारा करने के लिए परिषद् से अनुरोध किया गया है जो परिषद् द्वारा निर्धारित की गई करार की शर्तों के खंड 10 के अनुसार निष्पादित किया गया था । तदनुसार, परिषद् की कार्यकारिणी समिति द्वारा तैयार किए गए पैनल के अनुसार, वास्तुकला परिषद् के अध्यक्ष ने, जैसा उन्हे प्राधिकृत किया गया है, वास्तुविदो तथा प्रयोक्ता एजेंसियों के अनुरोध पर 3 मामलों में परिषद् की सहायता करने के लिए एक-

मात्र मध्यस्थों के रूप में परिषद् के पदेन्य सर्वश्री के० एम० खर्बे और एम० वी० सक्सेना की नियुक्ति कर दी है ।

(ii) सेवा-कर

भारतीय वास्तुविद् संस्थान, मुम्बई ने अपने अध्यक्ष के माध्यम से माननीय न्यायालय, मद्रास, चेन्नई में एक रिट याचिका दायर की है जिसमें न्यायालय से यह निवेदन किया गया है कि वह वास्तुविदों पर लगाए गए सेवा-कर को समाप्त कर दें । इस मामले में वास्तुकला परिषद् को भी एक प्रतिवादी बनाया गया है ।

(iii) वास्तुकला प्रतियोगिताएं

परिषद् ने अपने द्वारा विहित किए गए वास्तुकला प्रतियोगिता सम्बन्धी मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुपालन में अनेक प्रवर्तकों की परियोजनाओं के लिए डिजाइन प्रतियोगिताएं संचालित करने में उनकी सहायता की है । परिषद् ने अनुरोध किए जाने पर वे मार्गदर्शी सिद्धांत तथा निविष्टियां उपलब्ध कराई जो प्रवर्तकों और प्रतियोगियों को उनके हित की रक्षा के लिए आवश्यक थीं ।

(iv) भारतीय वास्तुकला तथा योजना के 50 वर्ष

वास्तुकला परिषद्, योजना और वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली ने भारतीय वास्तुविद् संस्थान, इन्स्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (इंडिया) तथा नगर योजनाकार संस्थान (भारत) के सहयोग से एस० पी० ए०, नई दिल्ली में 12 मार्च से 27 मार्च, 1999 के बीच "भारतीय वास्तुकला तथा योजना के 50 वर्ष" पर एक प्रदर्शनी आयोजित की । विभिन्न प्ररूप-विद्याओं से सम्बन्धित 250 से भी अधिक परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं । प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 मार्च, 1999 को श्री पी० आर० दासगुप्ता, सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने किया ।

इसी के साथ, 13-14 मार्च, 1999 को वास्तुकला नगर योजना प्रैक्टिस तथा शिक्षा से सम्बन्धित परिप्रेक्ष्य 2050 पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस संगोष्ठी का उद्घाटन श्री बंडारु दत्तात्रेय राज्यमंत्री, शहरी मामले तथा रोजगार, भारत सरकार, नई दिल्ली ने किया । इस संगोष्ठी के दौरान किए गए विभिन्न प्रदर्शनों पर एक सोवनीर का विमोचन इस अवसर पर किया गया।

7. वास्तुविद् अधिनियम, 1972 का प्रवर्तन

वास्तुविद् अधिनियम, 1972 की धारा 37(1) के अधीन वास्तुविद् के नाम और पदवी (स्टाइल) का प्रयोग केवल वे व्यक्ति ही कर सकते हैं जो वास्तुविदों के रूप में पंजीकृत है या जो वास्तुविद् फर्म हैं । धारा 25 के अधीन एक वास्तुविद् के रूप में केवल व्यक्ति को न कि किसी फर्म को पंजीकृत किया जाता है । धारा 35(2) में यह व्यवस्था दी गई है कि 27-4-1976 से एक पंजीकृत वास्तुविद् को केंद्रीय तथा राज्य सरकारों आदि में वास्तुविद् के पद पर नियुक्ति के लिए पंजीकृत वास्तुविद् को तरजीह दी जाएगी ।

(i) वास्तुविद् के नाम और स्टाइल का दुरुपयोग

वर्ष के दौरान परिषद् को ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध अनेक शिकायतें प्राप्त हुई जिन्होंने वास्तुविद् के नाम और स्टाइल का दुरुपयोग किया था और जिनके पास मान्यताप्राप्त वास्तुकला संबंधी अर्हता नहीं थी तथा वे पंजीकृत वास्तुविद् भी नहीं थे । परिषद् ने ऐसे सभी व्यक्तियों को पत्र लिखे जिनमें ये निर्देश दिए गए : (i) वे वास्तुविद् के नाम और स्टाइल का प्रयोग करना तुरंत बंद कर दें ; (ii) वे वास्तुविद् का व्यवसाय न करें क्योंकि इस व्यवसाय के नाम का प्रयोग और उसका अनुसरण केवल पंजीकृत वास्तुविद् या वास्तुविद् फर्म कर सकती है; और अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन करना एक दंडनीय अपराध होगा । परिषद् ने एडवोकेट के माध्यम से एक इंजीनियर श्री उदयसेन गुप्ता को कारण बताओ नोटिस भेजा क्योंकि वे अधिनियम के अधीन वास्तुकला परिषद् में पंजीकृत वास्तुविद् न होते हुए भी कलकत्ता नगर निगम में सिटी वास्तुविद् के पद पर काम कर रहे थे । उनसे यह कहा गया कि वे यह बताएं कि अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन करने के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई क्यों न की जाए ।

परिषद् ने राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों तथा विकास प्राधिकारियों आदि को वास्तुविद् अधिनियम, 1972 तथा वास्तुविद् (व्यावसायिक आचरण) विनियम, 1989 के उपबंधों को लागू करने के लिए विशेषकर निम्नलिखित के सम्बन्ध में अनेक पत्र लिखें : (i) वास्तुविद् के नाम और स्टाइल का रक्षण किया जाए; (ii) स्थानीय निकायों द्वारा वास्तुकला परिषद् में पंजीकृत वास्तुविदों से अतिरिक्त पंजीकरण या फीस न मांगी जाए ; (iii) वास्तुविदों द्वारा अपना व्यवसाय करने से सम्बन्धित उनके विशेषाधिकार की रक्षा की जाए ; और (iv) ऐसे किसी भी व्यक्ति को वास्तुविद् लाइसेंस जारी नहीं किया जाए जो वास्तुकला परिषद् में वास्तुविद् के रूप में पंजीकृत न हो । इसके अतिरिक्त, वास्तुकला आरेखों की संवीक्षा किसी वास्तुविद् के प्रभारांतर्गत की जानी चाहिए क्योंकि किसी परियोजना की व्यावसायिक निविष्टि और सौंदर्यात्मक पहलुओं का मूल्यांकन केवल वास्तुविद् ही कर सकता है ।

लोक सेवा आयोग, सरकारी विभागों तथा उपक्रमों और स्थानीय प्राधिकारियों को सलाह दी गई कि वे केवल उन्हीं व्यक्तियों को भर्ती या पदोन्नति करें जो सहायक वास्तुविद्, उप-वास्तुविद् वास्तुविदों तथा पदानुक्रम में उच्च पदों के लिये वास्तुकला परिषद् में पंजीकृत वास्तुविद् हैं ।

(ii) वास्तुविद् (व्यावसायिक आचरण) विनियम, 1989 का प्रवर्तन

वास्तुकला परिषद में पंजीकृत सभी वास्तुविदों से अपेक्षा की जाती है कि वे वास्तुविद् अधिनियम, 1972 की धारा

45(2) (i) के अधीन बनाये गये उपर्युक्त विनियमों के नियम 2(1) (xii) के तहत निर्धारित की गई परिषद् की नियुक्ति सम्बन्धी शर्तों तथा प्रभार मानों का पालन करेंगे और उनको स्वीकार करेंगे। इस प्रयोजन के लिये परिषद् ने व्यापक वास्तुकला सेवाओं तथा करार की शर्तों के लिये पारिश्रमिक का मानक स्केल बना रखा है।

सरकारी विभागों/उपक्रमों तथा स्थानीय निकायों समेत प्रयोक्ता उद्योगों ने यह पद्धति अपनाई है कि वे वास्तुकला सेवाएं/परामर्श उपलब्ध कराने के लिये निविदायें/बोलियां तथा बयाना जमा आदि आमंत्रित करके वास्तुविद्/वास्तुविदों की नियुक्ति करते हैं।

प्रैक्टिस करने वाले वास्तुविदों के अनुरोध पर परिषद् ने प्राधिकारियों को अनेक पत्र लिखे हैं जिनमें उनसे यह अनुरोध किया है कि वे वास्तुविदों से (i) टेंडर लागत अदा करने; और (ii) न्यूनतम फीस तथा जमा बयाना राशि से कम फीस उद्धृत करने का आग्रह न करें।

वास्तुविदों के व्यवसाय को ऐसे कार्यों के ठेके के समान नहीं समझना चाहिये जो व्यावसायिक सेवायें/परामर्श उपलब्ध कराने के लिये उनको नियुक्त करने के लिये किया जाता है। इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक सेवायें/सलाह उपलब्ध कराने के लिये नियुक्ति के वास्ते पेशेवर डाक्टरों, एडवोकेटों तथा सनदी लेखाकारों से टेंडर/वित्तीय बोलियां आमंत्रित नहीं की जाती हैं।

चूंकि वास्तुविदों को अपने साथी वास्तुविदों की न्यूनतम प्रतिस्पर्धा फीस से कम फीस उद्धृत करने की अनुमति नहीं है अतः परिषद् ने प्रयोक्ता उद्योगों से कहा है कि वे वास्तुकला सेवायें/परामर्श उपलब्ध कराने के लिए उतनी फीस पर वास्तुविदों की नियुक्ति करें जो परिषद् द्वारा निर्धारित न्यूनतम फीस से कम न हो और नियुक्ति की शर्तों के अनुसार हों।

8. प्रकाशन

(i) सी ए न्यूज

परिषद् ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एक सी ए न्यूज लेटर प्रकाशित किया। यह न्यूजलेटर सभी व्यावसायिक निकायों, तकनीकी शिक्षा के निदेशकों, वास्तुकला में पंजीकृत वास्तुविदों तथा अन्य लोगों को भेजा गया।

(ii) डाइरेक्टरी आफ आर्कीटेक्ट्स

डाइरेक्टरी आफ आर्कीटेक्ट्स 1998 तथा व्यावसायिक दस्तावेज पर 'पुस्तिका' के प्रकाशन से संबंधित समस्त सामग्री को संकलित कर लिया गया है और मै० स्पेंटा मल्टीमीडिया, मुम्बई को प्रकाशन के लिये भेज दिया गया है।

9. बजट तथा वित्त

परिषद् ने वर्ष 1998-99 के लिये रु० 41,95,500/- का बजट प्राक्कलन अनुमोदित किया। बजट प्राक्कलनों, में वास्तुविद् अधिनियम 1972 के प्रवर्तन तथा वास्तुकला शिक्षा तथा प्रैक्टिस से सम्बन्धित कार्यों को कार्यान्वित करने के लिये पर्याप्त प्रावधान था, जैसा कि अधिनियम तथा उसके अधीन बनाये गये विनियमों में प्रकल्पित किया गया था।

31-3-1999 को समाप्त वर्ष का परीक्षित लेखा विवरण तथा लेखा परीक्षक की रिपोर्ट परिशिष्ट "क" से— के रूप में संलग्न है।

परिषद् अधिनियम के अधीन प्राप्य आय अर्थात् फीस से अपना कार्य संचालित करती है। परिषद् को कोई सहायता अनुदान प्राप्त नहीं होता। बढ़ती हुई लागत को पूरा करने और गतिविधियों की संख्या बढ़ाने तथा अधिनियम को लागू करने के लिये अपेक्षित संसाधन जुटाने के लिये केन्द्रीय सरकार ने वास्तुकला परिषद् की सिफारिशों पर संशोधित फीस संरचना का अनुमोदन किया और उसे 28-9-1998 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया और यह उसी तारीख से लागू हुआ। संशोधन के अनुसार वार्षिक अदायगी के अतिरिक्त एक बारगी नवीयन फीस की अदायगी करने के विकल्प उपलब्ध है।

10. संगठन

(i) कंप्यूटरीकरण

परिषद् का यह प्रयास रहा है कि उसके समस्त कार्य को चरणबद्ध ढंग से कम्प्यूटरीकृत किया जाये। वास्तुविदों का पंजीकरण तथा पजीकृत व्यक्तियों के डाटा का रख-रखाव रिकार्ड का नवीकरण, प्राप्त अदायगियों के लिये रसीदें जारी करना तथा समस्त लेखाकरण पद्धति—इन सब का कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान कम्प्यूटरों को जोड़ने के लिये स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क स्थापित किया गया।

(ii) ई-मेल तथा इन्टरनेट

वर्ष के दौरान परिषद् ने ई-मेल कनेक्शन तथा इन्टरनेट सुविधा स्थापित की। ई-मेल का पता इस प्रकार है :

coa @ n f. vsnl. net. in

(iii) स्टाफ और कल्याण

सम्प्रति, परिषद्, जैसाकि अधिनियम में परिकल्पित किया गया है, 16 कर्मचारियों से अपना कामकाज संचालित कर रही है हालांकि संस्वीकृत पदों की की संख्या 29 है। वर्तमान स्टाफ अपनी पूर्ण योग्यता के साथ चुनौतियों का सामना कारगर ढंग से कर रहा है और कार्यभार को संभाल रहा है।

आलोच्य वर्ष के दौरान आवासीय एल० आई० जी० फ्लैट प्राप्त करने के लिये तीन कर्मचारियों को गृह-निर्माण पेशगियां मंजूर की गई। उनमें से एक फ्लैट वसुन्धरा साहिबाबाद (उ० प्र) में उत्तर प्रदेश आवास तथा विकास बोर्ड से स्व-वित्तीयन आधार पर लिया जा रहा था।

11. आधार प्रदर्शन

वास्तुकला परिषद् केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के अधिकारियों द्वारा परिषद् के कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिये उनकी प्रशंसा एवं धन्यवाद करती है। परिषद् भारतीय वास्तुविद संस्थान, एस० पी० ए०, नई दिल्ली, अन्य व्यावसायिक निकायों के पदाधिकारियों और सदस्यों, प्रेक्टिस करने वाले वास्तुविदों तथा शिक्षाविदों का उनके द्वारा वास्तुविद अधिनियम, 1972 के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मार्गदर्शन एवं सलाह देने के लिये आभार व्यक्त करती है। परिषद् भारतीय वास्तुकला तथा योजना के 50 वर्ष पर रिट्रोस्पेक्टिव एग्जीबीशन आयोजित करने के लिये व्यावसायिक निकायों तथा सरकारी संगठनों तथा सहभागियों एवं प्रायोजकों (इनमें भवन-निर्माण सामग्री के विनिर्माता भी शामिल है।) द्वारा किये गये सामूहिक प्रयासों की भी सराहना करती है।

परिषद् अपने लेखा-परीक्षक, काउन्सेल अधिकारियों और कर्मचारियों और उन सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करती है जिन्होंने वर्ष 1998-99 के दौरान उपयोगी सेवायें प्रदान कीं।

विनोद कुमार,
कार्यकारी रजिस्ट्रार

भारत में वास्तुकला शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाओं की सूची

[वास्तुविद अधिनियम, 1972 से संलग्न अर्हता अनुसूची (धारा 14 के अधीन) में शामिल]

क्र०स०	संस्था का नाम	स्थापना/अनुमोदन वर्ष	दाखिला	वह विश्वविद्यालय जिससे संबद्ध है/जिसके द्वारा मान्यता प्राप्त है
1	2	3	4	5
	आंध्र प्रदेश			
1.	वास्तुकला विभाग कालेज ऑफ इंजीनियरिंग, आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम्।	1992	40	आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम्।
2.	योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, हैदराबाद।	1940	65	जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, हैदराबाद।
3.	श्री वेंकटेश्वर वास्तुकला कालेज, हैदराबाद।	1996	40	जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हैदराबाद।
4.	वास्तुकला विभाग, सी०एस०आई० इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी, सिकंदराबाद।	1996	40	जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हैदराबाद।
	बिहार			
5.	वास्तुकला विभाग, बिहार इंजीनियरी कालेज, पटना।	1979	40	पटना विश्वविद्यालय, पटना।
6.	वास्तुकला विभाग, बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा (रांची)।	1993	20	सम विश्वविद्यालय।
	चंडीगढ़			
7.	चंडीगढ़ वास्तुकला कालेज, चंडीगढ़।	1961	40	पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़।

1	2	3	4	5
	गोवा			
8.	गोवा वास्तुकला कालेज, गोवा ।	1982	40	गोवा विश्वविद्यालय, गोवा ।
	गुजरात			
9.	वास्तुकला विद्यालय पर्यावरण योजना तथा प्रौद्योगिकी केन्द्र, अहमदाबाद ।	1962	40	*भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त वास्तु-कला में डिप्लोमा प्रदान करता है । (केवल वास्तुकला परिषद् में पंजीकरण और रोजगार के लिए) ।
10.	पर्यावरण डिजाइन संस्थान, डी० सी० पटेल वास्तुकला विद्यालय, वल्लभ विद्यानगर ।	1980	40	*भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त वास्तु-कला में डिप्लोमा प्रदान करता है । (केवल वास्तुकला परिषद् में पंजीकरण तथा रोजगार के लिए) ।
11.	वास्तुकला विभाग, प्रौद्योगिकी तथा इंजीनियरी संकाय एम० एस० यूनिवर्सिटी आफ बड़ौदा, बडोदरा ।	1949	40	एम० एस० यूनिवर्सिटी आफ बड़ोदा, बडोदरा ।
12.	सार्वजनिक एजूकेशन सोसाइटीज कालेज आफ आर्कीटेक्चर, सूरत ।	1995	40	साउथ गुजरात विश्वविद्यालय सूरत ।
	हरियाणा			
13.	सुशांत कला तथा वास्तुकला विद्यालय, गुड़गाव ।	1989	44	*भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त वास्तु-कला में डिप्लोमा प्रदान करता है । (केवल वास्तुकला परिषद् में पंजीकरण तथा रोजगार के लिए) ।
14.	वास्तुकला विभाग, सी० आर० राजकीय इंजीनियरी कालेज, मुरथल ।	1991	40	महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक ।
	कर्नाटक			
15.	वास्तुकला विभाग विश्वविद्यालय विश्वेश्वराय इंजीनियरी कालेज, बंगलौर ।	1967	40	बंगलौर विश्वविद्यालय ।
16.	वास्तुकला विभाग आर० वी० इंजीनियरिंग कालेज, बंगलौर ।	1992	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, बेलगांव
17.	वास्तुकला विभाग एम० एस० रमैया प्रौद्योगिकी संस्थान बंगलौर ।	1992	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, बेलगांव
18.	वास्तुकला विभाग बंगलौर प्रौद्योगिकी संस्थान, बंगलौर ।	1992	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बेलगांव
19.	वास्तुकला विभाग दयानंद सागर इंजीनियरिंग कालेज बंगलौर ।	1991	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, बेलगांव
20.	वास्तुकला विभाग बी० एम० एस० इंजी-नियरिंग कालेज, बंगलौर ।	1980	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, बेलगांव

1	2	3	4	5
21.	वास्तुकला विभाग कर्नाटक लॉ सोसाइटी गोगटे प्रौद्योगिकी संस्थान, बेलगांव	1998	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय, बेलगांव
22.	वास्तुकला विभाग बी० एल० डी० ई० एसोसिएशन्स इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी कालेज, बीजापुर	1991	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, बेलगांव
23.	मालिक संदल कला एवं वास्तुकला संस्थान, बीजापुर	1991	30	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विद्यालय, बेलगांव
24.	वास्तुकला विभाग पी० डी० ए० इंजीनियरिंग कालेज, गुलबर्गा	1983	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, बेलगांव
25.	वास्तुकला विभाग मलनाड इंजीनियरी कालेज, हस्सान	1980	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, बेलगांव
26.	वास्तुकला विभाग बी० वी० भूमराड्डी इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकीय कालेज, हुबली	1983	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, बेलगांव
27.	वास्तुकला विभाग मणिपाल प्रौद्योगिकी संस्थान, मणिपाल	1978	40	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, बेलगांव
28.	वास्तुकला विभाग सिद्धगंगा प्रौद्योगिकी संस्थान, तुमकुर	1992	30	विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, बेलगांव
	केरल			
29.	वास्तुकला विभाग, टी० के० एम० इंजीनियरिंग कालेज, कोल्लाम	1985	20	केरल विश्वविद्यालय त्रिवेंद्रम
30.	वास्तुकला विभाग इंजीनियरिंग कालेज, तिरुवनंतपुरम	1964	40	केरल विश्वविद्यालय, त्रिवेंद्रम

1	2	3	4	5
	मध्य प्रदेश			
31.	वास्तुकला विभाग मौलाना आज़ाद प्रौद्योगिकी कालेज, भोपाल ।	1963	40	बरकतुल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
32.	स्थापत्य कला भवन सोसाइटी वास्तुकला कालेज, आई० ई० पी० टी०, इंदौर ।	1995	40	देवी अहिल्या विश्व- विद्यालय, इंदौर
33.	आई० पी० एस० ऐकेडेमी स्कूल आफ, आर्की- टेक्चर, इंदौर	1995	40	देवी अहिल्या विश्व- विद्यालय, इंदौर
34.	वास्तुकला विभाग माधव प्रौद्योगिकी संस्थान, ग्वालियर ।	1984	40	जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
35.	वास्तुकला विभाग गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज, रायपुर ।	1984	40	पं० रविशंकर शुक्ल विश्व- विद्यालय, रायपुर
	महाराष्ट्र			
36.	वास्तुकला विभाग, इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी कालेज, अकोला ।	1983	40	अमरावती विश्वविद्यालय, अमरावती
37.	वास्तुकला विभाग, जी० एस० मंडल मराठवाड़ा प्रौद्योगिकी संस्थान, औरंगाबाद ।	1984	40	डॉ बी० आर० अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय औरंगाबाद
38.	वास्तुकला विभाग जवाहरलाल नेहरु इंजीनियरिंग कालेज, औरंगाबाद ।	1989	40	डॉ० बी० आर० अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद
39.	एल० एस० रहेजा, वास्तुकला विद्यालय, मुंबई ।	1953	66	*जी० डी०आर्की०—महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रदत्त ।
40.	वास्तुकला एकेडेमी, मुंबई ।	1955	66	*जी० डी० आर्की० महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रदत्त
41.	वास्तुकला विभाग, एम० पी० इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी संस्थान, गोंडिया ।	1987	40	नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर
42.	वास्तुकला विभाग, विश्वेश्वरैया क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज, नागपुर ।	1954	40	नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर
43.	वास्तुकला विभाग, लेडी अमृतबाई डागा महिला कालेज, नागपुर ।	1993	40	नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर
44.	वास्तुकला विभाग, प्रियदर्शिनी इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी कालेज, नागपुर ।	1994	40	नागपुर श्विविद्यालय, नागपुर

1	2	3	4	5
45.	वास्तुकला विभाग, कविकुलगुरु प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान संस्थान, रामटेक ।	1994	40	नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर
46.	एन० टी० वी० एस० वास्तुकला कालेज, नंदुरबार ।	1993	40	नार्थ महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगांव
47.	वास्तुकला विभाग, डी० वाई० पाटिल इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी कालेज, कोल्हापुर ।	1984	40	शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर
48.	श्री प्रिंस शिवाजी मराठा बोर्डिंग हाऊस वास्तुकला कालेज, कोल्हापुर ।	1984	40	शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर
49.	श्री वी० बी० पटेल ट्रस्ट वास्तुकला कालेज, संगली ।	1993	40	शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर
50.	सिद्धेश्वर शिक्षण मंडल वास्तुकला कालेज, सोलापुर ।	1993	40	शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर
51.	सर जे० जे० वस्तुकला कालेज, मुंबई ।	1896	82	मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
52.	रिजवी वास्तुकला कालेज, मुंबई ।	1992	40	मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
53.	एल० बी० एच० एस० एम० ट्रस्ट वास्तुकला कालेज, मुंबई ।	1995	40	मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
54.	कमला रहेजा विद्यानिधि वास्तुकला तथा पर्यावरण अध्ययन संस्थान, मुंबई ।	1992	40	मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
55.	इंडियन एजूकेशन सोसाइटी वास्तुकला कालेज, मुंबई ।	1995	40	मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
56.	भारती विद्यापीठ वास्तुकला, कालेज, नवी मुंबई ।	1992	40	मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
57.	पिल्लई वास्तुकला कालेज, नवी मुंबई ।	1992	40	मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
58.	डॉ० डी० वाई० पाटिल वास्तुकला कालेज, नवी मुंबई ।	1942	40	मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
59.	प्रवर रूरल कालेज आफ आर्कीटेक्चर लोनी, जिला—अहमदनगर ।	1995	40	पुणे विश्वविद्यालय, पुणे ।
60.	एन० डी० एम० पी० बी० समाज वास्तुकला कालेज, नासिक ।	1989	40	पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
61.	बी० के० पी० एस० वास्तुकला कालेज, पुणे ।	1978	40	पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
62.	मराठवाड़ा मित्र मंडल वास्तुकला कालेज, पुणे ।	1985	60	पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
63.	भारती विद्यापीठ वास्तुकला कालेज, पुण ।	1993	40	पुणे विश्वविद्यालय, पुणे

1	2	3	4	5
64.	वास्तुकला विभाग विवेकानंद प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे ।	1995	40	पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
65.	महर्षि कर्वे स्त्री शिक्षण संस्था वास्तुकला कालेज, पुणे ।	1993	40	पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
	नई दिल्ली			
66.	योजना और वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली ।	1955	69+10%	समविश्वविद्यालय
67.	टी० वी० बी० आवास अध्ययन विद्यालय, नई दिल्ली ।	1990	44	*भारत सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त वास्तुकला में डिप्लोमा प्रदान करता है । (केवल वास्तुकला परिषद में पंजीकरण के लिए)
68.	वास्तुकला अकादमी वास्तुकला तथा आंतरिक डिजाइन विद्यालय, नई दिल्ली ।	1996	40	संबंधन की प्रतीक्षा की जा रही है ।
	उड़ीसा			
69.	वास्तुकला विभाग इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी कालेज, उड़ीसा कृषि तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर ।	1985	40	उड़ीसा कृषि तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर
70.	पीलू मोदी वास्तुकला कालेज, कटक ।	1993	44	उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर
	पंजाब			
